

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -22 जबलपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


### ''नक्शा'' कार्यक्रम शहरी भूमि रिकार्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में लायेगा क्रांति- केन्द्रीय मंत्री चौहान

## ''नक्शा''कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी- मुख्यमंत्री



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा''के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाइयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसानों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी माताओं-बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश हरित प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष 2003-04 के बाद लगातार सिंचाई रकबे में वृद्धि होने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 के पहले जहां प्रदेश में 7 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 48 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र सिंचित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में एक लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र करने का है। प्रदेश में 3 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं के साथ अन्य वृहद सिंचाई परियोजनाओं से हम यह लक्ष्य हासिल करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज रायसेन में जो कार्यक्रम हो रहा है, वह केवल रायसेन और प्रदेश का नहीं, पूरे देश का कार्यक्रम है। आज रायसेन से देश के 26 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया

## बनारस से मुंबई जा रही कामायनी एक्सप्रेस में बम की सूचना, बीना स्टेशन पर यात्रियों को उतारा

**बीना स्टेशन पर ट्रेन को रोककर डेढ़ घंटे से सर्चिंग-कुंभ के बाद से कटनी की जगह झांसी से आ रही ट्रेन-आरपीएफ, जीआरपी सहित बीना पुलिस जांच में जुटी**



भोपाल (आरएनएस)। कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बीना रेलवे जंक्शन पर ट्रेन को रोका गया है। करीब डेढ़ घंटे से ट्रेन में सर्चिंग की जा रही है। इस काम में आरपीएफ, जीआरपी सहित बीना पुलिस के कर्मचारी लगे हुए हैं। बम निरोधक दस्ता भोपाल को भी इसकी खबर दी गई है। मौके पर पहुंचकर जांच करेगा।

बीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर कामायनी एक्सप्रेस मंगलवार को 11.30 बजे पहुंची थी। यह अपने निर्धारित समय से पांच घंटे लेट थी। ट्रेन में बम होने की सूचना के पश्चात इसे रोका गया। खबर मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवान स्टेशन पर संयुक्त रूप से ट्रेन के डिब्बों की तलाशी शुरू की। इसके लिए यात्रियों को एक-एक कर उतारा गया। सामान की जांच की गई। प्लेटफार्म पर भीड़ एकत्रित न हो इसके लिए यात्रियों को बाहर किया गया है। फिलहाल मौके पर बम निरोध दस्ता पहुंच गया है, जिसने जांच शुरू कर दी है।

**कटनी की जगह झांसी रूट से आ रही थी ट्रेन**

गौरतलब है कि कुंभ शुरू होने के साथ ही कामायनी एक्सप्रेस का रूट परिवर्तित कर दिया था। कुंभ के पहले तक यह ट्रेन बीना-कटनी रेलवे जंक्शन से होकर जाती थी, लेकिन कुंभ के बाद से इसे झांसी होते हुए चलाया जा रहा था। बनारस से आने वाली यह ट्रेन बीना सुबह 6 बजे पहुंचती थी, जो 5.30 मिनट लेट पहुंची। यहां बम की खबर के बाद इसे रोका गया।

ट्रेन की सभी बोगियों को खाली कराया गया है। यात्रियों से उनके सामान को डिब्बे में ही रखने को कहा गया है। हालांकि कुछ यात्री अपने साथ सामान लाए हैं। समाचार लिखे जाने तक स्टेशन पर गहमागहमी का माहौल था। यात्री ट्रेन से नीचे प्लेटफार्म के बाहर थे। वहीं पुलिस व जांच दस्ता सर्चिंग के काम में जुटा है।

### एमपी हाई कोर्ट ने दिया निर्देश

## पीथमपुर में 27 फरवरी से होगी यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने की शुरुआत



जबलपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरा विनिष्टीकरण (कचरा जलाने) का ट्रायल रन शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 27 फरवरी को पहले चरण में 10 मीट्रिक टन कचरा जलाया जाए। इसके बाद इसी मात्रा के दो दौर यानी कुल तीन प्रारंभिक चरण पूर्ण किए जाएं।

कोर्ट ने आगे कहा, इस प्रक्रिया में प्रदूषण नियंत्रण मंडल सहित अन्य की गाइडलाइन का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। तीनों ट्रायल रन के आफ्टर इफेक्ट की रिपोर्ट 27 मार्च को कोर्ट में पेश की जाए। इसके आधार पर आगामी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**कोर्ट में ऐसे चला बहस का दौर**

मंगलवार को सुनवाई के दौरान सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट पूर्व आदेशों में यूनियन कार्बाइड कचरा विनिष्टीकरण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। इसके बावजूद राज्य शासन पालन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की दिशा में अपेक्षाकृत गंभीर नजर नहीं आ रही है।

उक्त आरोप के जवाब में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने राज्य की ओर से साफ किया कि हमने हाई कोर्ट के विगत निर्देश के पालन में जन जागृति प्रसारित करने काफी कार्य किया है। मसलन, पर्चे वितरित किए। नुक्कड़ नाटक किए। नगर निगम व जिला प्रशासन के स्तर पर चर्चा-परिचर्चा के माध्यम से वाद-विवाद-संवाद का वातावरण तैयार किया।

इस प्रक्रिया में यह स्पष्ट करने का पूर्ण प्रयास किया कि हाई कोर्ट के निर्देश पर यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर तक परिवहन होकर पहुंच चुका है, जिसे वैज्ञानिक प्रविधि से जलाने से स्थानीय पर्यावरण आदि को कोई नुकसान नहीं होगा।

**सुप्रीम कोर्ट में मामला होने का तर्क भी रखा गया**

सुनवाई के दौरान यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने का तर्क भी रखा गया। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि हम पूर्व निर्देश के पालन को लेकर सुनवाई कर रहे हैं। लिहाजा, राज्य शासन उसी पर फोकस करे। हमारा मकसद मामले को सुलझाना होना चाहिए न कि उलझाना।

### छत्तीसगढ़-कांकेर के पुसवाड़ा में मतदान दल व पुलिस जवानों पर हमला, आठ कर्मी घायल

कांकेर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से लगभग 10 से 12 किमी दूर स्थित ग्राम पुसवाड़ा में मतदान दल और पुलिस जवानों को डंडे व पत्थरों से पीटने की खबर सामने आई है। साथ ही कम वोट मिले सरपंच प्रत्याशी सहित 40 से 50 लोगों ने मत पेटी लूटने, मारपीट और शासकीय कार्य में बांधा उत्पन्न करने को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीठासीन अधिकारी अशोक गोटे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश पर मतदान केंद्र पुसवाड़ा में ड्यूटी लगा हुआ था।

## ड्राइवर को आई झपकी, लोडिंग वाहन को टक्कर मारी, एमपी में दंपती सहित 7 की मौत




भिंड (आरएनएस)। ग्वालियर-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह जवाहरपुरा गांव के पास ट्राला ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन को रौंद दिया। हादसे के समय शादी में रिश्तेदारों को स्वजन लोडिंग वाहन में विदा कर रहे थे। घटना में दंपति सहित सात लोगों की मौत हो गई। जबकि 19 लोग घायल हो गए, जिसमें से 11 की हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के स्वजन को चार-चार लाख, गंभीर घायलों को 1-1 लाख और अन्य घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

**ऐसे हुई यह दुघर्टना**

जवाहरपुरा निवासी राकेश बंसल (जाटव) के बेटे सूरज का सोमवार को मडंप कार्यक्रम था। शहर के वार्ड 26 निवासी प्रद्युम्न जाटव (25) सोमवार को स्वजन और रिश्तेदारों के साथ भात देने आए थे।

रात में कार्यक्रम के बाद मंगलवार सुबह पांच बजे सभी लोग लोडिंग में बैठकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। कुछ लोग बैठ भी गए थे।

इसी दौरान इटावा की तरफ से तेज गति में एक ट्राला क्रमांक एमपी क्रमांक एमपी 07 एचबी 7012 आया और हाइवे किनारे खड़े लोडिंग वाहन को चपेट में ले लिया। लोडिंग वाहन 50 फीट दूर बिजली के खंभे से टकराकर रुक गया। ट्राला एक बाइक सवार को भी करीब 200 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।

पहिया के नीचे बाइक फसने से ट्राला की गति कम हुई तो चालक और हेल्पर मौके से भाग गए। हादसे में प्रद्युम्न जाटव (25), उनक पत्नी हेमलता (22), गुड्डी कौशल (55), राजकुमारी जाटव (56), सरोज जाटव (52), मोहिनी जाटव (12) अरुण कौशल (22) सभी निवासी भवानीपुरा की मौत हो गई।

अरुण एनसीसी का कैडेट्स था। आर्मी की तैयारी कर रहा था। पुलिस का कहना है कि संभवत ट्राला चालक को झपकी लगी और वह तेज रफ्तार में हाइवे किनारे वाहन में घुस गया।

**गुस्साए लोगों ने किया हंगामा**

जानकारी के अनुसार, जवाहरपुरा निवाली राकेश बंसल के बेटे की शादी थी। शादी में भात लेकर शहर के भवानीपुरा से रिश्तेदार आए थे। सुबह पांच बजे सभी लोग लोडिंग वाहन में घर जाने के लिए बैठ रहे थे। तभी इटावा की तरफ से डंपर तेजी से आया और लोडिंग वाहन को रौंद दिया।

हादसे में 45 वर्षीय गुड्डी देवी पत्नी ओमप्रकाश जाटव, 20 वर्षीय हेमलता पत्नी प्रद्युम्न जाटव, 25 वर्षीय प्रद्युम्न पुत्र काशीराम जाटव, 22 वर्षीय अरुण पुत्र वीरेंद्र कौशल और एक अन्य महिला की मौत हो गई। उसके नाम की पहचान नहीं हो सकी है।

### योगी सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने ये क्या कह दिया?

## मृत्यु कुंभ में बदल गया है अब महाकुंभ



पश्चिम बंगाल- (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया और हाल ही में भगदड़ से संबंधित मौतों के संदर्भ में इसे %मृत्यु कुंभ% कहा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि जहां वीआईपी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं गरीबों को आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की आलोचना की, उस पर देश को विभाजित करने के लिए धर्म बेचने का आरोप लगाया और प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ धार्मिक समागम के लिए उचित योजना की कमी का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र को संबोधित करते हुए सवाल किया आपने इतनी गंभीर घटना को इतना बढ़ा-चढ़ाकर क्यों दिखाया? उचित योजना बनाई जानी चाहिए थी. घटना के बाद कुंभ में कितने आयोग भेजे गए हैं? बनर्जी ने आगे आरोप लगाया कि शवों को (कुंभ से) बिना पोस्टमॉर्टम के ही बंगाल भेज दिया गया और कहा कि वे दावा करेंगे कि लोगों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई और उन्हें मुआवजा देने से इनकार कर दिया जाएगा। हमने यहां

### कुर्सी,एसी, टीवी सब उठा ले गए मनीष सिसोदिया?

नई दिल्ली-(आरएनएस)। पटपड़गंज से बीजेपी विधायक रविंदर सिंह नेगी ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक मनीष सिसौदिया और आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने इलाके के विधायक कार्यालय से सभी सरकारी संपत्तियां (वस्तुएं) चुरा ली हैं। उन्होंने दावा किया, उन्होंने एसी, टेलीविजन, कुर्सियां, पंखे, एलईडी और सब कुछ ले लिया है।

## ट्रक के कुचलने से चार युवकों की मौत, कई टुकड़ों में बंट गया शरीर, 5 घंटे तक सड़क पर पड़े रहे शव, गुस्साए परिजनों ने दिया धरना



रीवा.(आरएनएस)। एमपी के रीवा स्थित बंकुइया में आज उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब ट्रक ने मोटर साइकल सवार पांच युवकों को टक्कर मारकर कुचल दिया. हादसे में चारों युवकों का शरीर कई टुकड़ों में बंट गया, वहीं एक युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई. घटना के बाद करीब पांच घंटे तक शव सड़क पर पड़े रहे. हादसे की खबर मिलते ही परिजन व ग्रामीण पहुंच गए, जिन्होने धरना देकर प्रदर्शन शुरु कर दिया. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ही मोटर साइकल पर सवार होकर आशीष साकेत, शिव बहादुर, सागर व नवीन साकेत निकले. जब वे बंकुइया से गुजर रहे थे. इस दौरान पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी. ट्रक की टक्कर लगते ही चारों युवक मोटर साइकल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हे ट्रक कुचलता हुआ निकल गया. हादसे में चारों युवकों का शरीर टुकड़ों में बंट गया, वहीं हादसे को देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोगों में चीख पुकार मच गई. देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई.

## पंजाब के फरीदकोट में ट्रक की टक्कर से नाले में गिरी बस, 5 की मौत, 40 से अधिक घायल



फरीदकोट.(आरएनएस)। पंजाब के फरीदकोट जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां कोटकपूरा रोड पर शाही हवेली के पास एक ट्रक से टक्कर के बाद यात्री बस सेम नाले में गिर गई। इस हादसे में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई है.

वहीं, हादसे में 40 से भी ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए फरीदकोट के गुरू गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही डिप्टी कमिश्नर विनीत कुमार समेत प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव का कार्य शुरू किया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि इलाज के दौरान एक भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इस घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार न्यू दीप कंपनी की बस यात्रियों से खचाखच भरी हुई है।

### मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिंदे गुट के 20 विधायकों की सुरक्षा हटाई

मुंबई. महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार ने सत्ता में सहयोगी शिवसेना (शिंदे) गुट के 20 विधायकों से वाई प्लस कैटेगरी की सुरक्षा वापस ले ली है. पिछले कुछ समय से शिवसेना शिंदे और बीजेपी के बीच खींचतान जारी है, ऐसे में सीएम देवेंद्र फडणवीस के इस फैसले से शिवसेना (शिंदे) नाराज हो सकती है. बता दें कि महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच लगातार अनबन की खबरें सामने आ रही हैं. कई बार दोनों के बीच अनबन देखने को मिली है. डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे कई कैबिनेट मीटिंग में शामिल नहीं हुए हैं. इसके अलावा एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री राहत कोष के बावजूद मंत्रालय में चिकित्सा प्रकोष्ठ की स्थापना की है. राज्य में ऐसा पहली बार हुआ है जब देवेंद्र फडणवीस सरकार में दोनों पार्टियों के बीच प्रभारी मंत्रियों समेत कई मुद्दों पर खींचतान हुई है.

## ज्ञानेश कुमार होंगे देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त, पीएम मोदी की अध्यक्षता में नाम हुआ फाइनल



नई दिल्ली. (आरएनएस)। देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार होंगे. पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सोमवार को नए सीईसी के नाम को फाइनल करने के लिए एक बैठक की. ज्ञानेश कुमार मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की जगह लेंगे. राजीव कुमार मंगलवार यानी 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं. इससे पहले सोमवार रात कानून मंत्रालय ने नोटिस जारी करते हुए नए चुनाव आयुक्त के नाम की घोषणा की.

1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार अब तक चुनाव आयुक्त के तौर पर जिम्मेदारी देख रहे थे. वे पहले सहकारिता मंत्रालय के सचिव थे और 31 जनवरी 2024 को रिटायर हुए. कुमार अनुच्छेद 370 हटाने जैसे महत्वपूर्ण फैसलों में शामिल रहे हैं. उन्होंने गृह मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्रालय में भी काम किया है. कुल मिलाकर, कुमार का एक लंबा और प्रभावशाली प्रशासनिक करियर रहा है. अनुच्छेद 370 हटाने के दौरान कुमार की भूमिका बेहद अहम थी. अगस्त 2019 में, वे गृह मंत्रालय में कश्मीर डिवीजन के संयुक्त सचिव थे. इस दौरान उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर काम किया. इस संवेदनशील मामले को सुलझाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण माना जाता है. यह उनकी प्रशासनिक क्षमता का प्रमाण है. 2020 में, ज्ञानेश कुमार को गृह मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव बनाया गया. उन्हें अयोध्या मामले से जुड़े सभी मामलों की जिम्मेदारी दी गई थी. इसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन भी शामिल था.



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी सिविल लाईन श्री नेहरू सिंह खण्डाते ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफार्म नम्बर 6 मालगोदाम में एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35-40 वर्ष का मेहरून काले रंग का बैग में अवैध मादक पदार्थ लिये ग्राहक की तलाश में है, सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 6 मेन गेट आरपीएफबूथ के सामने दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति दिखा जिसे रोककर नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण राम (पासवान) उम्र 36 वर्ष निवासी गनौली थाना

**डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड के कृष्णा कॉलोनी में 2400 वर्गफुट खाली भूमि दर्ज न होने पर अधिग्रहण**

# खाली भूमि का अधिग्रहण करने की गई कार्रवाई





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सभी संभागों में बकाया राजस्व वसूली का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भी संभाग क्रमांक 6 के डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड में कर वसूली के दौरान बड़ी कार्यवाही की गई। संभागीय अधिकारी सतेन्द्र चक्रवर्ती ने बताया कि कृष्णा कालोनी में बाजू से लगभग 2400 वर्गफुट खाली भूमि पर (सम्पत्ति दर्ज न होने की स्थिति) में अनेकों बार सम्पर्क एवं दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर नोटिस चस्पा किये गये परन्तु भूमि स्वामी द्वारा किसी प्रकार की रुचि नही दिखाई। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण हेतु अधिग्रहण बोर्ड लगाया गया है, साथ ही साथ कर वसूली हेतू नल कटिंग की कार्यवाही भी की गई। कार्यवाही के समय राजस्व निरीक्षक अरविन्द्र श्रीवास्तव, विमल मुकुन्द नामदेव, रवि पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक धनेन्द्र पेन्द्राम, नरेन्द्र शर्मा, लाईन मेन राजेश मिश्रा एवं समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोहलपुर में राकेश चौधरी उम्र 31 वर्ष निवासी गोहलपुर चौराहा पानी की टंकी के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बारदाना का काम करता है दिनांक 15-2-25 को रात लगभग 10 बजे उसका भांजा कृष्णा चौधरी उसके घर के सामने आया और पड़ौस में रहने वाला शुभम चौधरी भी घर के सामने से जा रहा था तो शुभम से कृष्णा चौधरी बोला कि तू यहां क्या कर रहा है कहकर गाली गलौज करते हुये झूमाझपटी करने लगा वह शुभम चौधरी को बचाने गया तो कृष्णा चौधरी ने पंच निकालकर उसे दाहिने जांघ मे पंच मारकर चोट पहुँचा दी तथा कृष्णा चौधरी उसे एवं शुभम चौधरी को जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(3), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

## मध्य प्रदेश के महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश के महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को हाई कोर्ट से बड़ी राहत अतिथि विद्वानों को पी एचडी की अनिवार्यता वाली शर्त पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई अतिथि विद्वान प्रियंका उपाध्याय पुष्पा चतुर्वेदी एवं तेरा अन्य ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 231 0 2023 को अतिथि विद्वानों की नियुक्ति के संबंध में जारी दिशा निर्देश की कंडिका 10.6 को इस आधार पर चुनौती दी थी की एक तरफ तो जो अतिथि विद्यमान पूर्व से कार्यरत हैं उन्हें यथावत रखा जावेगा किंतु फेलिनआउट अतिथि विद्वानों को बगैर पी एचडी के निरंतर नहीं किया जावेगा उक्त आदेश के खिलाफ आवेदकों की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय में तर्क प्रस्तुत किया की 2023 के दिशा निर्देश की कंडिका 10.4 अवैध है तथा भेदभावपूर्ण है

क्योंकि आवेदकों की नियुक्ति यूजीसी द्वारा सहायक अध्यापकों के पद पर नियुक्ति हेतु पीएचडी की अनिवार्यता की पहले की है इसलिए बगैर पी एचडी वाले अतिथि विद्वानों को निरंतर ना रखना न केवल की उनके संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ भेदभावपूर्ण है श्री उपाध्याय के तर्कों से सहमत होते हुए माननीय मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार केथ एवं विनय कुमार जैन की खंडपीठ ने मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश दिनांक 23 10 2023 की कंडिका 10 .4 के क्रियानमंद पर रोक लगा दी है

**416 वा ज्ञापन सोपा मार्च 24 से सरस्वती घाट पुल का काम बंद**

# जमीन अधिकरण ना होने के कारण लमेटा घाट का पुल का काम बंद



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। लमेटाघाट सरस्वतीघाट पुल को लेकर मुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री के नाम संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा एवं कमिश्नर जबलपुर संभाग अभय वर्मा को 416 वा ज्ञापन सोपा.. नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति भेड़ाघाट ने तय किया है की प्रति सप्ताह सरस्वती घाट एवं लामेटा घाट पुल के लिए कार्यरत विभिन्न विभागों में ज्ञापन दिया जाएगा आज यह 416 व ज्ञापन है लामेटा घाट में जमीन अधिकरण ना होने के कारण काम बंद हो गया मार्च 2024 से सरस्वती घाट का काम बंद है आज संभागीय कार्यालय में कमिश्नर अभय वर्मा को 25000 हस्ताक्षरों का ज्ञापन सोपा नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट मार्ग में पढ़ने वाले लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल को पायलट प्रोजेक्ट की तरह जल्दी बनाया जाए सरस्वती घाट पुल की समय सीमा जून 2024 थी अब मार्च 2025 हो गई लमेटाघाट की समय सीमा भी 2025 मार्च बताते हैं जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री पीडी कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह जी एवं क्षेत्र विधायक नीरज सिंह के नाम से दी गई सन 2023 की कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली गई हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में भक्तों की विशाल भीड थी ज्ञात हो दोनों पुल 2017 में मुख्यमंत्री जी के द्वारा पास कराए गए थे जो अभी तक तैयार नहीं हुए समिति द्वारा 416 बार से अधिक ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं 7 कलेक्टर 6 एसपी 5 आईजी 5 कमिश्नर को अभी तक ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे

## मध्यप्रदेश पावर जनेरटिंग कंपनी में प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**प्रशिक्षण होता है सेवाकाल की पूंजी**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के नवनियुक्त कार्यालय सहायकों के सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गत दिवस हुआ। इस अवसर मुख्य अतिथि पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन, अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी, कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी सहित प्रशिक्षु कार्यालय सहायक उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम सेवाकाल की पूंजी-मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए सेवाकाल की पूंजी है। सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यालय सहायकों के लिए कार्यालयीन कार्य करते समय सदैव सहायक सिद्ध होगा। दीपक कश्यप ने नवनियुक्त कार्यालय सहायकों को शुभकामना देते हुए अपेक्षा की कि वे पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्य करने के दौरान योग्यता व निष्ठा भाव का प्रदर्शन करेंगे। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन ने कहा कि दो सप्ताह का पशिक्षण कार्यक्रम गागर में सागर की तरह है। नवनियुक्त कार्यालय सहायकों का कर्त्तव्य बनता है कि वे इस ज्ञान का सदुपयोग करके कंपनी की प्रगति में सहायक बनें। दो सप्ताह का गहन प्रशिक्षण-नवनियुक्त कार्यालय सहायकों को दो सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑफिस प्रबंधन, ऑफिस संचार, पत्र व नोट शीट लेखन, ड्राफ्टिंग, अकाउंट्स, स्थापना, स्टोर्स, ईआरपी व व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वासुदेव गुरव, नेहा कंधारी, डा. अशोक कुमार तिवारी, खुशबू शर्मा, वर्तिका गुरबानी, अंकित बाजपेई, गोविन्द सिंह गौर, पीएक्स क्रिसलीन, अधिवक्ता निधि पांडे, लोकेश उपाध्याय, मनीषा झारिया, संतोष सदानी आदि अनुभवी व वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण को बनाया गया व्यावहारिक-अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टरद्वय सुबोध निगम व मिलिन्द भान्दक्कर के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम को ज्यादा व्यावहारिक बनाया गया है। डा. तिवारी ने कहा कि पावर जनरेटिंग कंपनी का प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर गंभीर है और भविष्य में इसे और वस्तुपरक बनाया जाएगा।

बुनियाद हुई सुदृढ़-प्रशिक्षु कार्यालय सहायक की ओर से हंसिका सिंह परिहार, नंदिता वाईकर, पुलकित वाग्दारे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनकी बुनियाद सुदृढ़ हुई है और वे कार्यालयीन कार्यों को अधिक आत्मविश्वास से क्रियान्वित कर सकेंगे।

## संत गजानन महाराज के 33 वें प्रकटोत्सव पर होंगे आयोजन

जबलपुर । यादव कॉलोनी में स्थित गजानन महाराज के मंदिर में गुरुवार 20 फरवरी को 33 वां प्रकटोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस इस अवसर पर दिनभर धार्मिक आयोजन होंगे। दोपहर 12:00 बजे से आरती एवं हवन के कार्यक्रम होंगे तथा दोपहर 1:00 बजे से 3:00 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। शाम 4:00 बजे से गजानन महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।यह शोभायात्रा कमला नेहरू वार्ड के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए वापस गजानन मंदिर आएगी।

# परिचालनीय कारणों के चलते कुछ ट्रेनें प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनिक कारणों से निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन तथा रीशेड्युलिंग करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी, जिसका विवरण निम्?नवत है-

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से निरस्त रेलगाड़ियाँ :-

1) 19045 सूरत-छपरा, ताप्तीगंगा एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी।

2) 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी।

3) 22911 इंदौर-हावड़ा, शिप्रा एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त।

4) 01025 दादर-बलिया स्पेशल ट्रेन दिनाँक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी।

5) 01027 दादर- गोरखपुर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त।

6) 15160 दुर्ग-छपरा, सारनाथ एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी।

7) 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को को निरस्त रहेगी।

8) 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त।

9) 12428 आनंद विहार टर्मिनस-रींवा एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025, 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी।

10) 12427 रीवा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 20.02.2025, 21.02.2025 एवं 22.02.2025 को निरस्त रहेगी।

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ:-

1) 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर, पवन एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 09:30/09:35 बजे रहेगा।

2) 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस,पवन एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपु-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 02:30/02:35 बजे रहेगा।

3) 11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 15:50/15:55 बजे रहेगा।

4) 11034 दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस दिनाँक 21.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी। मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 06:40/06:45 बजे रहेगा।

5) 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। 6) 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी।

7) 22129 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट, तुलसी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025, 23.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-उरई-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी।

8) 22130 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, तुलसी एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025, 24.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया अयोध्या कैंट-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-उरई-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी होकर गंतव्य को जाएगी।

9) 22683 यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस दिनाँक 24.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया ओहन-बांदा-भीमसे -कानपुर सेंट्र होकर गंतव्य को जाएगी।

10) 22684 लखनऊ-यशवंतपुर दिनाँक 20.02.2025 एवं 27.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-भीमसेन-बांदा-ओहन होकर गंतव्य को जाएगी।

11) 22104 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्र -वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-भोपाल-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी।

12) 22103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस दिनाँक 24.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी।

13) 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-भोपाल-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-जंघई होकर गंतव्य को जाएगी।

14) 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया जंघई-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना=भोपाल-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी।

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण एवं टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन के स्टेशन पर आगमन एवं प्रस्थान समय- 1) 14115 डा. अम्बेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक टर्मिनेशन खजुराहो स्टेशन पर आगमन समय 23:05 बजे रहेगा अर्थात खजुराहो से प्रयागराज जंक्शन के बीच आंशिक निरस्त रहेगी। 2) 14116 प्रयागराज-डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 से 28.02.2025 तक ओरिजिनेशन खजुराहो स्टेशन पर प्रस्थान समय 21:30 बजे रहेगा अर्थात प्रयागराज जंक्शन से खजुराहो के बीच आंशिक निरस्त रहेगी।

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से रीशेड्युलिंग एवं मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ:-

1) 12293 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - प्रयागराज जंक्शन, दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 21.02.2025, 24.02.2025 एवं 28.02.2025 को यह ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 03 घंटे देर से चलेगी।

2) 12294 प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025, 22.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने मार्ग परिवर्तन वाया प्रयागराज-भीमसेन-खैरार-ओहन होकर गंतव्य को जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर यात्रा प्रारम्भ करें।

## केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक रूप से बालिकाओं को सशक्त बनाना जरुरी - सुशील कुमारी चौहान

**नरेंद्र मोदी विचार मंच महिला शाखा सिहोरा का बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर मेडल और प्रमाण पत्र वितरित**



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वर्तमान समय की मांग है कि बालिकाओं को शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से सशक्त होना जरूरी है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के माध्यम से जिले और तहसील शाखा में प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि वे अपनी खुद की सुरक्षा बेहतर तरीके से कर सकें। यह बात नरेंद्र मोदी विचार मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशील कुमारी चौहान ने अरुणाभ घोष स्टेडियम में नरेंद्र मोदी विचार मंच महिला शाखा सिहोरा के आयोजित बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में कही।

मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू श्याम सिंह राठौर, एसडीओपी सिहोरा पारुल शर्मा, प्रदेश महामंत्री एकता अश्वनी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष रीना बिल्हा, पत्रकार अनिल जैन, सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय, प्रशिक्षण प्रभारी राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कार शिक्षिका सुधा उपाध्याय के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

**सेल्फ डिफेंस का प्रदर्शन, शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित**

कार्यक्रम के समापन पर नीतू पटेल, आभा शुक्ला, पूर्वी तिवारी और सारांश तिवारी ने सेल्फ डिफेंस से किस तरह बालिकाएं अपने आप को सुरक्षित रख सकें, इसका प्रदर्शन किया । बाद में अतिथियों ने प्रशिक्षण में शामिल करीब 60 बालिकाओं को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया।

**भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव होंगे शामिल**

## केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आज

**केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी करेंगे प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे, प्रबुद्धजन सम्मेलन को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी संबोधित करेंगे। प्रबुद्धजन सम्मेलन कल बुधवार 19 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में आयोजित है। भाजपा नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने बताया बजट पर परिचर्चा के विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी संबोधित करेंगे, साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के साथ सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।



भोपाल-उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मेडिकल कालेज परिसर रीवा में निर्माणाधीन कैंसर यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्वरित गति से पूर्व गुणवत्ता के साथ कार्य को संपादित करायें। इस दौरान डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल सहित चिकित्सक व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# श्री कराह धाम आश्रम की हजारों गौ-माताओं से समुचे ब्रहमांड की होती है अनुभूति-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुँचकर गुरू गादी को किया नमन



भोपाल(आरएनएस)मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुरैना के श्री कराह धाम आश्रम पहुँचकर अनन्त श्री गुरुदेव पटिया वाले बाबा के दर्शन के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने श्री कारह धाम आश्रम की गौशाला में गौ-माता का पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। आश्रम की गौ-शाला में 7500 से अधिक गौ-माताएं है। आश्रम में आकर अनुभूति हो रही है कि यहां पूरा ब्रहमांड समाया हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, मुरैना-श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, सबलगढ़ विधायक श्रीमती सरला रावत, पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंषाना सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कराह धाम आश्रम में चल रहे श्री सियपिय मिलन समारोह में शामिल होकर संत शिरोमणि श्री हरिगिरी महाराज जी एवं श्री दीनबंधु दास महाराज को सम्मान-पत्र और पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो लोग गौ-पालन करेंगे, उन गौवंशों का दूध शासन द्वारा खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि गौमाता के बिना घर सूना होता है, हर घर में गौ पालन को बढावा देना चाहिए। जो भी व्यक्ति 10 से ज्यादा जो गौ पालन करेगा, उसे सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा और गौवंशों से प्राप्त दुग्ध को सरकार खरीद कर गौपालकों को अतिरिक्त अनुदान देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस वर्ष गेंहू उपज को 2600 रूपये क्विंटल खरीदने की घोषणा की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमात्मा को जिस रूप में देखो उस रूप में दिखाई देते है, वे हमारी परीक्षा भी लेते है, प्रभु लीला सामान्य मनुष्य की समझ के परे है। पटिया वाले बाबा ने अपने तप, साधना, वैराग्यवृत्ति से जो आनंद बरसाया है, उसी का परिणाम श्रद्धालुओं में देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये सिंचाई के क्षेत्र को निरंतर बढ़ा रही है। वर्तमान में 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की जा रही है। इसे बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य तय किया गया है। देश की प्रथम दो नदी जोड़ो परियोजनाओं में शामिल पीकेसी (पार्वती, कालीसिंध, चंबल) परियोजना से मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और आगे जाकर मालवा, गुना जिलों में सिंचाई के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस महीने के आखिरी तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री आ रहे हैं। उमसे चर्चा कर ताप्ती नदी को जोडकर वहां के किसानों को पानी उपलब्ध करवा कर उनकी जिंदगी बदलने का अभूतपूर्व कार्य होने वाला है। इन सभी परियोजनाओं के मंजूर होने से समूचे प्रदेश में सिंचाई के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। सरकार का प्रयास है कि कृषि के साथ अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय से किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जायें।

# दमोह में चल रही है अवैध हथियारों की फैक्ट्री, गिरफ्तार तीन आरोपियों ने किया बड़ा खुलासा

दमोह (आरएनएस)। दमोह जिले में लंबे समय से रोजाना सामने आ रही आपराधिक वारदातों के बीच इनमें इस्तेमाल होने वाले हथियार भी इसी जिले में बन रहे हैं और न सिर्फ इनकी सप्लाई जिले में बल्कि आसपास के जिलों में भी हथियारों की खेप यही से भेजी जा रही है ये सनसनीखेज खुलासा दमोह पुलिस के हाथ चढ़े तीन हथियार तस्करों ने किया है जिसके बाद हड़कम्प मच गया है।

दरससल दमोह कोतवाली और देहात थाना की संयुक्त टीम ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्त में लेकर उनके पास से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है और जब पुलिस ने पूछताछ की तो सारा मामला सामने आया है। दमोह एसपी श्रुतकीर्ती सोमवंशी के मुताबिक जिले के अलग अलग इलाको में ये अवेध हथियार फैक्ट्रियां चल रही हैं जहां लोकल लेवल पर देशी कट्टे रिवाल्वर और माउजर जैसे हथियार बनाये जा रहे हैं जिनके निर्माण के बाद ये तस्कर उन्हें जिले भर में सप्लाई करते हैं। इतना ही नही इन तस्करों की पहुंच आसपास के जिलों में भी है और अनुमान के मुताबिक बड़े पैमाने पर हथियार सप्लाई किये जा चुके हैं। एसपी के मुताबिक पकड़े गए तीन आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि जिले के अपराधियों को लोकल मेड हथियार सप्लाई करने वाला बड़ा गिरोह है जिसके जरिये हथियार पहुंचाए जाते हैं।

-पुलिस कर रही सप्लाई चैन की तलाश

अभी पुलिस के पास कुछ नाम आये हैं और इन सप्लायर की तलाश पुलिस कर रही है इसके अलावा पुलिस ने उन खरीददारों की लिस्ट भी बनाई है जिन्हें अवेध आर्म्स बेचे गए हैं। फ्लिहाल इस कार्रवाई ने हड़कम्प मचा दिया है और अब बड़े स्तर पर इसके खुलासे की उम्मीद बनी है।

# एमपी सरकार के 6 हजार करोड़ के नए कर्ज लेने पर कमलनाथ,जीतू पटवारी ने सरकार पर बोला हमला, कहा-फिजूलखर्ची

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश सरकार कर्ज के दलदल में धंसती जा रही है। इन्वेस्टर्स समिट से पहले एक बार फिर मोहन यादव सरकार पांच हजार करोड़ रुपए कर्ज बाजार से ले रही है। यह कर्ज तीन अलग-अलग हिस्सों में 20 फरवरी को लिया जाएगा, जिसकी भरपाई 12, 15 और 23 वर्षों की अवधि में की जाएगी. इससे पहले, 1 जनवरी 2025 को सरकार ने 5,000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। नए कर्ज के बाद,चालू वित्त वर्ष में सरकार द्वारा लिया गया कुल कर्ज 41,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। पिछले साल 4 महीने में चार बार लगातार सरकार ने 20 हजार करोड़ का कर्ज़ लिया था। मध्य प्रदेश सरकार पर अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज़ हो चुका है। मोहन सरकार की कर्जखोरी पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने निशाना साधा है। पीसीसी चीफ ने कहा, 'मध्य प्रदेश दिन पर दिन कर्ज के दलदल में डूबता जा रहा है। प्रदेश के ऊपर अब तक 4.10 लाख करोड रुपए का कर्ज हो चुका है। और अब खबर आ रही है कि प्रदेश सरकार 18 फरवरी को 5000 करोड रुपए का और कर्ज लेने वाली है। भाजपा सरकार की कर्ज लेने की इस नीति से प्रदेश बड़े राजकोषीय संकट की ओर बढ़ रहा है।यह बहुत दुख की बात है कि कई मामलों में सरकार ने सार्वजनिक संपत्ति बेचकर या लीज पर देकर धन अर्जित करने का प्रयास किया है। सरकार अपने खर्च पूरे करने के लिए पूरी तरह कर्ज पर निर्भर होती जा रही है।' कमलनाथ ने आगे कहा, 'इसकी मुख्य वजह यह है कि सरकार अपने मौजूदा संसाधनों का विवेकपूर्ण तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। अगर प्रदेश की आर्थिक गतिविधि सही दिशा में संचालित की जाए तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी जिससे अंततः प्रदेश सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। अगर बेरोजगारों को रोजगार मिले और उद्योग तथा व्यापार को सकारात्मक माहौल में काम करने दिया जाए तो निश्चित तौर पर आर्थिक गतिविधि बढ़ेगी।

# जर्मनी से कल्चरल और एजुकेशनल टूर पर आयेगे पर्यटक- प्रमुख सचिव शुक्ला



भोपाल-(आरएनएस)जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन (छ्रङ्क) का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश के पर्यटन बाजार में विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शेव शेखर शुक्ला से एमपी टूरिज्म बोर्ड में भेंट कीद्य प्रतिनिधिमंडल पांच दिवसीय फेमिलियराइजेशन (स्नरू) टूर के तहत राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों और अनुभवों का अनुभव करने आया है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल का यह टूर जर्मनी ट्रैवल एसोसिएशन के साथ प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर्स के समन्वय को बढ़ाएगा। जर्मनी से आने वाले पर्यटकों की रुचि अनुरूप प्रदेश के ट्रैवल और टूर ऑपरेटर ट्रैवल प्लान बनायेगे। प्रतिनिधिमंडल के सहयोग से जर्मनी से कल्चरल और शैक्षणिक टूर के माध्यम से पर्यटकों को मध्यप्रदेश आमंत्रित किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जर्मन ट्रैवल एसोसिएशन (छ्रङ्क) के अध्यक्ष श्री नॉर्बर्ट फिबिग और राजनीतिक मामलों एवं आउटबाउंड ट्रैवल प्रमुख श्री वोल्कर एडम्स कर रहे है। अन्य सदस्यों में श्री अर्न्स्ट कोल्सपेरगर (स्टूडियोसस रेज़ेन), श्री फेलिक्स विल्के (लर्नईडे एर्लेबनिसरेज़ेन) और सुश्री सोंगुल गोक्टास-रोसाती (बेंटूर रेज़ेन) है। प्रतिनिधिमंडल को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका, साँची, खजुराहो, ट्राइबल म्यूजियम, ओरछा, तथा पन्ना राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण कराया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को मध्यप्रदेश के गंतव्य स्थलों, सतत पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत, साहसिक और आध्यात्मिक पर्यटन पर प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में प्रमुख होटल व्यवसायियों और स्थानीय टूर ऑपरेटरों सहित प्रबंध संचालक पर्यटन निगम डॉ. इलैयाराजा टी, अतिरिक्त प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूकः शराब की बोतल लेकर विश्रामधाम तक पहुंचा युवक

उज्जैन (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया। शुक्रवार सुबह एक युवक शराब की बोतल लेकर मंदिर परिसर के विश्रामधाम तक पहुंच गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उज्जैन के महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक सामने आई है। दरअसल, एक शख्स बोतल लेकर मंदिर के अंदर तक पहुंच गया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहे युवक ने खुद को काना परसाई पांडे, निवासी नर्मदापुरम् बताया। उसने स्वीकार किया कि उसकी जेब में शराब की बोतल थी, जिसे वह काल भैरव को चढ़ाने के लिए लाया था। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि मंदिर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मियों ने उसकी जांच नहीं की, जिससे वह इतनी आसानी से मंदिर परिसर के भीतर पहुंच गया। महाकाल मंदिर की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा कंपनी क्रिस्टल प्रालि के गार्ड, पुलिस जवान और होमगार्ड के जवान तैनात रहते हैं। बावजूद इसके युवक का बिना जांच के अंदर प्रवेश करना सुरक्षा में गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। मंदिर की सुरक्षा प्रभारी प्लाटून कमांडर हेमलता पाटीदार ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं सुरक्षा प्रभारी अनुराग चौबे ने कहा कि प्रवेश द्वार पर नियमित चेकिंग की जाती है, लेकिन इस मामले में दोषी पाए गए गार्ड और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद मंदिर प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं कि इतनी कड़ी सुरक्षा के बावजूद एक युवक शराब की बोतल लेकर मंदिर में कैसे पहुंच गया।

# परिवहन घोटाले पर सरकार की चुप्पी, भाजपा नेताओं की संलिप्तता पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने उठाए सवाल

भोपाल (आरएनएस)। आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों के खिलाफ जारी ईडी की रिमांड कार्रवाई के बीच मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग मामले की कार्रवाई में जुटी जांच एजेंसियों के साथ साथ सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को भोपाल में स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार-वार्ता आयोजित कर सिंघार ने कहा- भ्रष्टाचार में शामिल नेताओँ और अफसरों को प्रदेश सरकार बचाने में जुटी है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सौरभ शर्मा के केस में कई गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि, सरकार सौरभ को बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि उसके घर मिले दस्तावेजों की जांच होना चाहिए। 40 दिन फरारी के दौरान वह कहां रहा? किसने मदद की? इसकी कोई जानकारी नहीं है, ये सच सामने आना चाहिए।

मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने कहा- सौरभ शर्मा की कॉल डिटेल अबतक सार्वजनिक क्यों नहीं हुई है। कॉल डिटेल सामने आने के बाद कई अधिकारी और नेता बेनकाब होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि, परिवहन विभाग से एक केंद्रीय मंत्री को हर महीने 2 करोड़ रुपए जाते थे। उन्होंने मंत्री गोविंद राजपूत को घेरते हुए कहा कि राजपूत ने पूरे रैकेट को संभाला हुआ है। दशरथ पटेल और अलीम खान रिटायर्ड होने के बावजूद भ्रष्टाचार करते रहे। उनके अलावा संजय ढांडे, संजय श्रीवास्तव ने गोविंद सिंह के साथ मिलकर घोटाला किया। सिंघार ने कहा कि, एक साल में करीब डेढ़ हजार करोड़ की कमाई होती थी। हर महीने डेढ़ सौ करोड़ की कमाई की जाती थी। इसी से मंत्री गोविंद राजपूत ने साल 2019 से 2024 के बीच कई जमीनें खरीदीं। राजपूत ने पत्नी और बच्चों के नाम 400 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी खरीदी। मंत्री राजपूत ने 200 करोड़ रुपए की प्रापर्टी अपनी सास और रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में गोविंद राजपूत ने 134 करोड़ की संपत्ति का ब्योरा एफिडेविट में नहीं दिया। मंत्री राजपूत पर आरोप लगाते हुए सिंघार ने कहा कि राजपूत ने अपनी काली कमाई का खेला ज्ञान वीर समिति के नाम से किया है। वे जमीनें दान करा रहे हैं। इसके लिए एक समिति बनाई गई, जिसमें गोविंद सिंह ने पत्नी और बेटे को रखा। समिति को जमीन दान कराई गई, जो जमीन दान की गई वो भी गोविंद सिंह राजपूत के रिश्तेदारों की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में गोविंद सिंह राजपूत ने जमीनें खरीद रखी हैं। सिंघार ने ये भी कहा कि, सहारा की जमीन कमलेश बघेल के नाम पर कम कीमत में खरीदी गई हैं। इस दौरान सिंघार ने खरीदी गई प्रापर्टी के दस्तावेजों के रूप में रजिस्ट्री भी मीडिया के सामने रखी। उमंग सिंघार ने सवाल किया कि क्या मध्य प्रदेश में वाकई 'जीरो टॉलरेंस' की नीति लागू है, या फिर यह सिर्फ एक नारा बनकर रह गई है? उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्री और अधिकारियों को बचाने की कोशिश की जा रही है और सौरभ शर्मा मामले में सिर्फ लीपापोती की जा रही है। सौरभ शर्मा की डायरी और कागजात में जिन लोगों के नाम सामने आए, उनसे अब तक पूछताछ क्यों नहीं की गई?

## एसडीएम के साथ खाद्य सुरक्षा टीम ने ढाबे मे की छापेमार कार्यवाही

रीवां (आरएनएस)। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को उचित दर पर तथा शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने एवं ठहरने की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आदेश दिए हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर होटलों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा, नागरिक आपूर्ति निगम तथा मापतौल विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही के दौरान विवेक फ़ैमिली ढाबा मढिकला, मनगवा बाईपास के बिल की जाँच की गई। कस्टमर द्वारा 40 रुपये का कोल्ड ड्रिंक पचास रुपया का विक्रय करने की शिकायत करते पाया गया। संचालक विनोद गुप्ता के पास खाद्य सुरक्षा का कोई लाइसेंस नहीं पाया गया एवं घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पाया गया । संचालक विनोद गुप्ता द्वारा टीम को कार्रवाई करने में हंगामा एवं बाधा उत्पन्न की जा रही थी तत्काल एसडीएम मनगवा पीएस त्रिपाठी को इसकी सूचना दी गई जो स्वयं ढाबों पर उपस्थित हुए एवं उनकी उपस्थिति में ढाबा संचालक के विरुद्ध एमआरपी से अधिक क़ीमत पर विक्रय करने , घरेलू सिलेंडर का इस्तेमाल करने की तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

इसके पश्चात गंगेव बाईपास स्थित वटोही ढाबा की जाँच की गई मोबाइल लैब से मौक़े पर जाँच कराने पर पनीर एवं राहर दाल के नमूने के मानक न होने से लीगल नमूना कार्रवाई की गई एवं घरेलू सिलेंडर ज़ब्त किया गया। टीम द्वारा गंगेव बायपास स्थित लकी फैमिली ढाबा की जाँच की गई

# मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रेस विज्ञप्ति के लिए नया फॉरमेट और नई व्यवस्था लागू

भोपाल (आरएनएस)। जल्द ही प्रेस विज्ञप्ति भेजने के लिये पार्टी का एक अधिकृत नंबर भी जारी किया जाएगा। इस अधिकृत नंबर से भेजी गई प्रेस विज्ञप्ति ही कांग्रेस की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति मानी जाएगी। मीडिया विभाग के अध्यक्ष माननीय मुकेश नायक जी द्वारा अनुमोदित प्रेस विज्ञप्ति ही पार्टी का आधिकारिक बयान होगा।

कृपया सूचित हों। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी करने की प्रक्रिया में एक नवीन एवं संगठित व्यवस्था लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रेस विज्ञप्ति का संचार अधिक पारदर्शी, प्रमाणिक और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाएगा, जिससे पार्टी के आधिकारिक बयानों की प्रामाणिकता और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। अधिकृत संपर्क नंबरः कांग्रेस पार्टी शीघ्र ही एक आधिकारिक नंबर जारी करने जा रही है, जिससे भेजी गई प्रेस विज्ञप्ति ही पार्टी की अधिकृत और मान्य प्रेस विज्ञप्ति मानी जाएगी। इससे अनधिकृत और भ्रामक सूचनाओं को रोकने में सहायता मिलेगी। अनुमोदन प्रक्रियाः प्रेस विज्ञप्ति को पार्टी का आधिकारिक वक्तव्य तभी माना जाएगा, जब वह मीडिया विभाग के अध्यक्ष, माननीय मुकेश नायक जी द्वारा अनुमोदित होगी। इस व्यवस्था के माध्यम से प्रेस बयानों की सटीकता और आधिकारिकता को बनाए रखा जाएगा। मीडिया संचार की प्रभावशीलताः इस नई प्रणाली से मीडिया और संचार प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़, संगठित एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा, जिससे पार्टी की नीतियां एवं निर्णय सही रूप में जनता और मीडिया तक पहुँच सकें। सभी पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, तथा मीडिया से जुड़े साथी इस नई प्रक्रिया का पालन करें और सुनिश्चित करें कि केवल अधिकृत स्रोत से प्राप्त विज्ञप्तियों को ही संप्रेषित किया जाए। इस प्रक्रिया के तहत किसी भी प्रकार की भ्रामक, अपुष्ट या असत्यापित जानकारी के प्रचार-प्रसार से बचें, जिससे पार्टी के संदेशों की विश्वसनीयता बनी रहे। हम सभी संबंधित व्यक्तियों से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करते हैं ताकि इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके और कांग्रेस पार्टी का संचार तंत्र और अधिक मजबूत हो।

## 'सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम' के तहत 5 राज्यों के युवाओं से किया ' 'कर्त्तव्य संवाद''

# संस्कारवान युवाओं का अनुसरण कर विकसित भारत का करें निर्माण-मंत्री सारंग



भोपाल-(आरएनएस)खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से आवाह्न किया कि वे चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अमर बलिदानियों के जीवन से प्रेरणा लें और अपने कर्त्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रहित में कार्य करें। मंत्री श्री सारंग सोमवार को निवास पर माय भारत, नेहरू युवा केंद्र संगठन, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब से आए युवा प्रतिभागियों से कर्तव्य संवाद किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि देश के प्रति कर्तव्य बोध को आत्मसात करना ही सच्ची देशभक्ति है। प्रत्येक युवा को अपने अधिकारों के साथ अपने दायित्वों का भी पूर्णतः पालन करना चाहिए, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकें। मंत्री श्री सारंग ने आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के प्रभाव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे इन्फ्लुएंसर्स से दूरी बनानी चाहिए जो समाज में फुहड़ता और नकारात्मकता फैलाते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे उन व्यक्तित्वों का अनुसरण करें जो संस्कारवान, समाजसेवी, और देशहित में योगदान देने वाले हों। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति केवल अपने विकास तक सीमित न रहे, बल्कि समाज और देश के विकास में भी योगदान दे। देश को विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक है कि युवा सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें और राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सीमावर्ती राज्यों के युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करता है, जिससे वे देश के अन्य हिस्सों की संस्कृति, परंपराओं और विकास कार्यों से परिचित हो सकें। युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम न केवल राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है, बल्कि युवाओं को एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण भी प्रदान करता है।

मंत्री श्री सारंग ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ने, नई सोच विकसित करने और अपने विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर मिलता है।



भगवान श्रीगणेश को समर्पित होता है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा का विशेष महत्व होता है। साथ ही गणेश जी की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बता दें कि भगवान गणेश की पूजा करने से जातक के आय, सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है और बिगड़े काम बनने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी जीवन में आने वाले दुखों और संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो बुधवार को सुबह स्नान आदि करने के बाद विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा करें। वहीं पूजा के दौरान श्रीगणेश को मोदक और दूर्वा जरूर अर्पित करें।



## कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्टपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का समापन करते हुए राज्य सभा में अपनी सरकार द्वारा किए गए कायरे की फेहरिस्त पुरानी तर्ज पर एक बार फिर प्रस्तुत की कि किस तरह उनकी आर्थिक नीति आगे बढ़ रही है और किस तरह उनकी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबों की सीमा लांघकर मध्यवर्गीय दहलीज पर पहुंचे हैं। उनके भाषण का एक प्रमुख स्वर वही था जो प्राय: सुनाई पड़ता है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने फिर कहा कि उनकी प्राथमिकता परिवार है जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट है। कांग्रेस की कोई भी नीतियां परिवार विशेष को केंद्र में रखकर बनती हैं तो उनकी नीतियां राष्ट को केंद्र में रखकर बनती है। मोदी के अनुसार कांग्रेस का राज अत्यधिक धीमी आर्थिक प्रगति का राज था, जबकि एनडीए का वर्तमान शासन तीव्र आर्थिक प्रगति का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शासन तुष्टिकरण का शासन था जबकि एनडीए का शासन संतुष्टीकरण का है। यूं तो मोदी के भाषण में कुछ भी नया नहीं था। कांग्रेस के परिवारवाद का जो आरोप लगाते रहे हैं, उसकी ही पुनर्पुष्टि थी। विशेष बात यह थी कि उनके प्रभावी वक्तव्य के आगे कांग्रेस की निरीहता ही उजागर हो रही थी। अगर कांग्रेस का गांधी परिवार की पृष्ठभूमि और उसके गौरवशाली अतीत का मूल्यांकन करें तो मोदी का प्रहार कहीं से भी अतिवादी प्रतीत नहीं होता है। कल्पना करिए कि अगर सोनिया गांधी राजीव गांधी की पत्नी और इंदिरा गांधी की बहू नहीं होती तो क्या सचमुच में उनमें वह राजनीतिक क्षमता और भारतीय समाज को समझने की प्रतिभा थी कि वह कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी की अध्यक्ष बनती।

# भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी ज़रूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का ''जिम्मेदार'' समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सर्वेषां अविरोधेन् है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् को मानता है।

भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है। यद्यपि भारत आज आजाद है; पर हिन्दू समाज आज भी आजाद नहीं है। हिन्दू की गुलामी को दूर करने के लिए हिन्दू एकता आवश्यक है, इसके लिये सभी हिन्दुओं को अपनी जाति, भाषा, प्रान्त, सम्प्रदाय व राजनीतिक दलों के भेदभाव को भूलकर हिन्दू के रूप में एक छत के नीचे आना आवश्यक है तभी हम अपने देश को एक रख पायेंगे और देश की आजादी की रक्षा कर पायेंगे। मोहन भागवत ने अपनी बात को अधिक स्पष्ट करते हुए कहा, भारत सिर्फ भूगोल नहीं है; भारत की एक प्रकृति है। कुछ लोग इन मूल्यों के अनुसार नहीं रह सके और उन्होंने एक अलग देश बना लिया। लेकिन जो लोग स्वाभाविक रूप से यहीं रह गए, उन्होंने भारत के इस सार को अपना लिया। और यह सार क्या है? यह हिंदू समाज है, जो दुनिया की विविधता को स्वीकार करके फलता-फूलता है। हम कहते हैं 'विविधता में एकता', लेकिन हिंदू समाज समझता है कि विविधता ही एकता है। भागवत ने जिस सत्य को उजागर किया है, वह हजारों साल पहले भी सत्य था और आज भी उतना ही सत्य है। बल्कि नई परिस्थितियों एवं राजनीतिक स्थितियों के साथ उसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ी है। क्योंकि भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्यबोध है, उसका नाम 'हिंदुत्व' है। इसलिए संघ हिंदू समाज को संगठित, अजेय और सामर्थ्य-संपन्न बनाना चाहता है। इस कार्य को संपूर्णता तक पहुंचाना ही संघ का उद्देश्य है।

भागवत ने कहा कि भारत में कोई भी सम्राटों और महाराजाओं को याद नहीं करता, बल्कि एक ऐसे राजा को याद करता है जो अपने पिता के वचन को पूरा करने के लिए 14 साल के वनवास पर चला गया-यह स्पष्ट रूप से भगवान श्रीराम का संदर्भ था, और वह व्यक्ति जिसने अपने भाई की पादुकाएं सिंहासन पर रखीं, और जिसने वापस आने पर राज्य सौंप दिया, यह था भरत का समर्पण। हिन्दू धर्म के भगवद गीता, रामायण, महाभारत, और वेद जैसे शास्त्रों एवं ग्रंथों से ऐसे ही नैतिक मूल्यों, मानवता और जीवन के उच्चतम आदर्शों का संदेश मिलता है, इसलिये हिन्दू समाज की एकता जरूरी है। हिन्दू एकता भारत की आत्मा को जाग्रत करेगी। भारत का स्वाभिमान, आध्यात्मिकता और ऋषियों का ज्ञान वापस आयेगा। परिणामस्वरूप देश से भ्रष्टाचार, हिंसा और अनैतिकता दूर होने के रास्ते खुलेंगे। भारत पुन: जगद्गुरु के रूप में विश्व का मार्गदर्शक बनेगा। हमारे शत्रु भी हमसे मित्रता करने के लिए हाथ बढ़ायेंगे। इन सब स्थितियों को देखते हुए हिन्दू एकता एवं उसको संगठित करना जरूरी है, इसके लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयास एक रोशनी है, एक ताकत है।

संघ और हिंदुत्व को लेकर अक्सर उद्देश्यहीन, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचनाएं होती रही हैं लेकिन इस तरह की नीति के द्वारा किसी का हित सधता हो, तो ऐसा प्रतीत नहीं होता तथा न ही उससे संघ पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## मन्दिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त

महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। मन्दिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। महाकुंभ हो या मन्दिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं,

## अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं?

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे। देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था? बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भी नहीं है। देश के तमाम शहरों से इस प्रकार की खबरें सामने आ रही हैं कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लोग भारी भीड़ की वजह से चढ़ नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार के भी वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि यात्री सिर्फ दरवाजों से ही नहीं बल्कि खिड़कियों से भी ट्रेन के भीतर जा रहे हैं।

## मासिक शिवरात्रि पर शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने से पूरी होगी मनोकामना, दुख-कष्ट से मिलेगी मुक्ति

हिंदू धर्म में मासिक शिवपात्रि का व्रत बेहद सौभाग्यशाली माना गया है। हिंदू पंचांग के मुताबिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मासिक शिवरात्रि का व्रत पड़ता है। भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा विधि-विधान से की जाती है। बताया जाता है कि अगर आप किसी कार्य को सिद्ध करना चाहते हैं, तो मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।

इस दिन व्यक्ति के भाग्योदय हो सकता है। इस दिन शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने का विशेष महत्व है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने से क्या लाभ होता है।

शिव रामाष्टक स्तोत्र का पाठ

शिव हरे शिव राम सखे प्रभो त्रिविधतापनिवारण हे विभो ।
अज जनेश्वर यादव पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।1।।
कमललोचन राम दयानिधे हरगुरो गजररक्षक गोपते ।
शिवतनो भव शंकर पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।2।।
सुजनरञ्जन मंगलमन्दिरं भजति ते पुरुषः परमं पदम् ।
भवति तस्य सुखं परमद्भुतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।3।।
जय युधिष्ठिरवल्लभ भूपते जय जयार्जितपुण्यपयोनिधे ।

## इजरायल को विनाश तांडव जारी रखने की हरी झंडी

डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलिस्तीन में तबाही का शिकार गाजा के पुनर्निर्माण का जो प्रस्ताव रखा है, उसने दुनिया के विभिन्न देशों को चौंका दिया है। पिछले पंद्रह महीनों से गाजा में जारी विनाश लीला में इन दिनों कुछ दिनों के लिए विराम लगा है तथा कुछ बंधकों की रिहाई का क्रम जारी है। आशा की जा रही थी कि शांति का यह सीमित समय एक दूरगामी संघर्ष विराम का रूप ले सकता है। इसी समय ट्रंप ने गाजा का अधिग्रहण कर वहां तथाकथित पुनर्निर्माण का प्रस्ताव पेश किया है। उन्होंने इजरायल के युद्ध पीपासु प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पहले विदेशी नेता के रूप में व्हाइट हाउस आमंत्रित किया। इस मुलाकात के दौरान ही उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि वह गाजा को अपने नियंत्रण लेकर उसे एक %पर्यटन स्थल' के रूप में विकसित करे। पचास हजार लोगों की मौत और लाखों लोगों के घायल होने वाले क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाने की बात कितनी मानवीय और अव्यावहारिक है, इसे लेकर सभी लोग स्तब्ध हैं। पूरा गाजा क्षेत्र खंडहर में तब्दील हो चुका है। सीमित संघर्ष विराम के दौरान लाखों लोग उत्तरी गाजा में अपने खंडहर बने मकानों को संजोने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे समय किसी भी विश्व नेता से यह आशा थी कि वह मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ित लोगों को नई शुरुआत करने का संदेश दे तथा यथासंभव मदद करे। लेकिन ट्रंप ने ठीक इसके विपरीत काम किया। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के वारंट के बावजूद नेतन्याहू अमेरिका के सम्मानित अतिथि बने। अपने मेजबान से उन्होंने गाजा के बारे में जो कुछ सुना वैसा कहने का दुस्साहस वह खुद नहीं पर पाए। वास्तव में गाजा में पुनर्निर्माण का सुझाव पिछले वर्ष ट्रंप के दामाद जरेड कुशनर ने दिया था। उस समय गाजा में नरसंहार अपने प्रारंभिक दौर में था। धीरे-धीरे तबाही बढ़ती गयी। आज जब गाजा कई मायनों में कब्रिस्तान का रूप ले चुका है, उस समय गाजा को पर्यटन स्थल बनाने का सुझाव कोई जिम्मेदार राजनेता नहीं दे सकता। आश्चर्य की बात यह है कि चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप और उनके समर्थकों ने ऐसे बयान दिये थे कि नया प्रशासन दुनिया में संघर्ष शुरू करने की बजाय युद्ध का अंत करने को प्राथमिकता देगा। यह आशा बनी थी कि ट्रंप प्रशासन रूस और यूक्रेन पर दबाव डालकर वहां तीन साल से जारी युद्ध समाप्त कराने की कोशिश करेगा। इसी तरह फिलिस्तीन में इजरायल और हमास को भी संघर्ष समाप्त करने के लिए बाध्य किया जाएगा। लेकिन अब लगता है कि ट्रंप ने इजरायल को विनाश तांडव जारी रखने की हरी झंडी दिखा दी है।

## शुक्रवार को किया जाता है मां संतोषी का व्रत, जानें पूजन विधि और व्रत नियम

हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी के साथ मां संतोषी की पूजा करने का विधान है। मां संतोषी को सुख-शांति और वैभव का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि शुक्रवार को जो जातक मां संतोषी का व्रत करते हैं और उनकी विधि-विधान से पूजा करता है, उसकी सभी मनोकामना पूरी हो जाती है। इसके साथ ही इस व्रत को करने से धन और विवाह संबंधी समस्याओं से भी छुटकारा मिल जाता है। हालांकि मां संतोषी के व्रत में कई कठोर नियमों का पालन किया जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मां संतोषी के व्रत विधि के बारे में बताने जा रहे हैं और इस व्रत के नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं। यह व्रत 16 शुक्रवार किया जाता है और फिर इसका उद्यापन किया जाता है।

सबसे पहले सुबह उठकर स्नान आदि कर साफ-सुथरे कपड़े पहनें। अब मां संतोषी का व्रत करते हुए व्रत का संकल्प लें और मंदिर की साफ-सफाई करें। फिर एक लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां संतोषी की तस्वीर स्थापित करें। इसके बाद कलश स्थापना करें और विधि-विधान से मां संतोषी की पूजा-अर्चना करें।

## भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

मिथिलेश्वर ठाकुर

भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे यादा रोज़गार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया।

इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केन्द्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।

उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरन्तरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे।

भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे।

भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है।

भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ख़ास काम बन जाने से आपका मनोबल बढ़ेगा। आज किसी भी प्रकार का इन्वेस्टमेंट करते समय अपने बजट का ध्यान रखें।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप ज्यादा समय एकांत में बिताना पसंद करेंगे। आपकी बनाई गयी योजना आपके बिजनेस के लिए अच्छी साबित होगी। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप पिछली गलतियों से कुछ नया सीखकर आगे बढ़ेंगे। आज आपका दिन कुछ महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से व्यस्त रहेगा। नए कार्यों को लेकर आपकी उत्सुकता बढ़ेगी।

कर्क राशि: आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे।

सिंह राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होंगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे।

कन्या राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। बच्चों की जरूरत को पूरा करने के लिये आपको अधिक पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

तुला राशि:आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको अच्छा काम मिल सकता है।

वृश्चिक राशि:आज का दिन आपके लिए फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में किसी नये कार्य की शुरुआत हो सकती है। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मन बनायेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने अनुभव का सही इस्तेमाल करके किसी रुके काम को पूरा करने में सफल होंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में बड़ी सफलता मिलाने के योग बने हुए है।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी काम में दूसरों की बातों को सर्वोपरि न रखकर अपने आप पर विश्वास करें तो लाभ अवश्य मिलेगा।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया और हाल ही में भगदड़ से संबंधित मौतों के संदर्भ में इसे %मृत्यु कुंभ% कहा। बनर्जी ने आरोप लगाया कि जहां वीआईपी को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं, वहीं गरीबों को आवश्यक सुविधाओं तक पहुंच से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की आलोचना की,

# 27 किलो सोना, 1000 किलो से ज्यादा की चांदी, जयललिता की जब्त की गई संपत्ति को तमिलनाडु को दिए जाने का आदेश

बेंगलुरु (आरएनएस)। बेंगलुरु की एक विशेष सीबीआई कोर्ट ने जयललिता की संपत्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसले सुनाया है। सीबीआई कोर्ट ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता की जब्त की गई समस्त संपत्ति तमिलनाडु सरकार को हस्तांतरित करने का आदेश बुधवार को जारी किया।

**सोने की तलवार और एक स्वर्ण मुकुट भी**

बेंगलुरु कोर्ट के आदेश के एक दिन बाद जब्त की गई संपत्ति शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दी गई। इसमें सोने से बनी एक तलवार और एक स्वर्ण मुकुट उन विलासितापूर्ण वस्तुओं में शामिल हैं, जिन्हें कर्नाटक के अधिकारियों ने तमिलनाडु को सौंपा है। सूची में शामिल वस्तुओं में शरीर पर मोर की आकृति वाली एक सुनहरी करधनी भी शामिल है।

**1,526 एकड़ जमीन से जुड़े दस्तावेज भी शामिल**

अब तक कर्नाटक के अधिकारियों के हाथ में जयललिता की जब्त की गई संपत्ति का काफी खजाना था। इसमें 27 किलो 558 ग्राम सोने के आभूषण, 1,116 किलो चांदी और 1,526 एकड़ जमीन से जुड़े दस्तावेज थे। यह सारा खजाना कर्नाटक विधानसभा के खजाने में सुरक्षित रखा गया था और इसे अदालत और सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में सौंपा गया।

**आय से अधिक संपत्ति के मामले में जयललिता दोषी**

बता दें कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने 13 जनवरी को जयललिता के भतीजे जे दीपक और भतीजी जे दीपा की एक याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने जयललिता के कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में संपत्ति पर दावा किया था। जयललिता को आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में दोषी ठहराया गया था।

**निधन के बाद नहीं जब्त होनी चाहिए संपत्ति**

हाई कोर्ट ने 2016 में जयललिता के निधन के बाद उनके खिलाफ कार्यवाही समाप्त हो जाने के बावजूद उनकी संपत्ति को जब्त किए जाने के फैसले को बरकरार रखा था। उनके उत्तराधिकारियों ने दलील दी थी कि जयललिता के खिलाफ मामला समाप्त होने के बाद उनकी संपत्ति जब्त नहीं होनी चाहिए। हालांकि, हाई कोर्ट ने व्यवस्था दी कि शीर्ष अदालत ने अन्य आरोपियों को दोषी करार देने के विशेष अदालत के फैसले को कायम रखा है, इसलिए संपत्ति को जब्त करना वैध है।

के. ए. पॉल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के तत्काल इस्तीफे की मांग की, रेल दुर्घटनाओं पर जताई कड़ी नाराजगी रेल हादसों से प्रभावित परिवारों को नौकरी देंगे डॉ. के. ए. पॉल

**डॉ. के. ए. पॉल ने पीएम मोदी से अपील की कि वे रेल मंत्री वैष्णव को जल्द से जल्द बर्खास्त करें**

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रसिद्ध धर्मगुरु और मानवतावादी नेता डॉ. के. ए. पॉल ने भारत में बढ़ती रेल दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए *रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के तत्काल इस्तीफे* की मांग की है। मीडिया से बात करते हुए, डॉ. पॉल ने रेल मंत्री के चार साल के कार्यकाल में हुई सैकड़ों मौतों और हजारों घायलों की पीड़ा को उजागर किया। मुझे समझ नहीं आता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं? रेलवे, जो कभी *लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में ?50,000 करोड़ के मुनाफे में था*, अब पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुका है, डॉ. पॉल ने कहा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि रेल हादसों में जान गंवाने वाले परिवारों को कम से कम ?1 करोड़ की सहायता राशि*ल दी जाए। डॉ. पॉल ने विपक्ष को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि संसद में रेल मंत्री की जवाबदेही तय करने के लिए कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया।

बार-बार हो रही रेल दुर्घटनाएं पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। एक ही रेल मंत्री इतनी असफलताओं के बावजूद पद पर कैसे बने रह सकते हैं?



झारखंड के रा%यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गुलदस्ता भेंट किया.



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नोएडा सेक्टर 29 स्थित शहीद स्मारक पर 42 शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का कागजी भव्य दिव्य कुंभ : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ में अव्यवस्था को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का कागजी भव्य दिव्य कुंभ।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कुंभ की अव्यवस्था के बारे में सवाल उठाया गया। इसे लेकर उन्होंने लिखा कि विश्व गुरु 5 ट्रिलियन विकसित भारत, थर्ड लार्जेस्ट इकोनॉमी की सच्चाई बड़बोली सरकारी की विफलता का स्मारक कहलाएगा 2025 का कागजी भव्य दिव्य कुंभ।

इसके पहले सपा मुखिया अखिलेश यादव ने महाकुंभ पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुंभ में आने वालों की सरकार संख्या नहीं बता रही है। सरकार के द्वारा पेश किए गए आंकड़े कुछ और हैं और असली संख्या भिन्न। सरकार ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसकी अव्यवस्था की पोल न खुल सके। हादसे में मृतकों की संख्या भी नहीं बताई जा रही है। बुजुर्ग स्नान करने नहीं जा सके। जबकि सपा सरकार में कुंभ का आयोजन अच्छे से संपन्न हुआ था। अखिलेश ने सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग और अपील की। सरकार से अपील है कि कई बुजुर्ग स्नान नहीं कर पाए हैं, जबकि वे स्नान करना चाहते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयाग का पुलिस कमिश्नरेट फेल हुआ। पूरी पुलिस को भाजपा का बना दिया गया है। पुलिस को भाजपा की टोपी पहनकर बैठना चाहिए।

इस पर सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव फ्रस्टेट हो चुके हैं। विधानसभा उपचुनाव में 10 में से 8 सीटों पर वे बुरी तरह से पराजित हुए हैं। वे हार के सदमे में हैं। यही कारण है कि महाकुंभ में उमड़ा जनज्वार उन्हें भा नहीं रहा है, जनआस्था उन्हें स्वीकार नहीं हो रही है। उनके मित्र राहुल गांधी इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कर रहे हैं। अखिलेश यादव सनातन धर्म से द्रोह कर रहे हैं। भाजपा का विरोध करते-करते सनातन धर्म का विरोध करने लगे हैं।

**सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं से सीएम योगी की खास अपील**

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यातायात और स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि महाकुंभ आस्था का महापर्व है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से आकर त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए उत्साहित रहते हैं। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वो अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि वे अपने वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करें और निर्धारित पार्किंग स्थलों का इस्तेमाल करें, जिससे न केवल यातायात व्यवस्था सुचारु रहेगी, बल्कि त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाने का भी सभी को सुगम अवसर मिल सके।

## प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली ट्रेन अब 16 पर आएगी' सुनते ही स्टेशन पर मची थी भगदड़; चश्मदीद ने सुनाया खौफनाक मंजर

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात हुई भगदड़ की असली वजह सामने आ गई है। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्टेशन पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। घटना के गवाह यात्रियों ने बताया कि खौफनाक मंजर था। हर तरफ अफरा-तफरी मच गई थी। लोगों अपने की खोज के लिए चीख-पुकार कर रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, भीड़ नियंत्रण से बाहर थी, लोग फुटओवर ब्रिज पर जमा थेज इतनी बड़ी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। मैंने रेलवे स्टेशन पर इतनी बड़ी भीड़ कभी नहीं देखी, त्योहारों के दौरान भी नहीं। प्रशासन के लोग और यहां तक कि एनडीआरएफ के जवान भी वहां मौजूद थे, लेकिन जब भीड़ सीमा से अधिक हो गई, तो उन्हें नियंत्रित करना संभव नहीं था।

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने अराजकता का जिक्र करते हुए कहा कि ट्रेन के प्लेटफॉर्म बदलने की घोषणा के बाद भीड़ दोनों तरफ से आ गई, जिससे भगदड़ मच गई। उन्होंने कहा, भीड़ को नियंत्रित करने वाला कोई नहीं थाज यह घोषणा की गई थी कि प्लेटफॉर्म नंबर 12 पर आने वाली ट्रेन अब प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर आएगी।



कटरा में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों के साथ एक समूह तस्वीर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़, जम्मू-कश्मीर के उपरा%यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला.

## राजीव प्रताप रूडी के अनुशंसा पर दिव्यांगों को टॉयसाईकल दिया गया

पटना (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कि छपरा से सांसद राजीव प्रताप रूडी के अनुशंसा पर दरियापुर प्रखंड के दरियापुर पंचायत के देवती पोखरा ग्राम निवासी दिव्यांग राम किशोर राय को और परसा प्रखंड के बनकेरवा गाँव निवासी लड्डू महतो और शिव लगन मांझी अमनौर प्रखंड के मकाशुद्धपुर गाँव निवासी राहुल कुमार को सांसद राजीव प्रताप रूडी के निर्देश पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि श्री राकेश कुमार सिंह छेत्रिय प्रभारी अनिल सिंह जिला उपाध्यक्ष निरंजन शर्मा के द्वारा टॉयसाईकल दिया गया ज्ञात हो की कुछ दिन पहले चारो लोगो ने रूडी जी से मिलकर दिव्यांग प्रमाण पत्र देकर मदद करने की और साइकिल की मांग की थी जिससे मिल जाने से हमलोगो को काफ़ी सहूलियत होंगी और जीवन यापन सुलभ हो जाएगा ज्ञात हो इस लोगो को साईकल नहीं होने से पहले काम करने मे काफ़ी दिकत हो रहा था अब यह मिल जाने से उनके जीवन मे फिर से खुशहाली लौट आयेगी इस अवसर पर अमनौर मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष उज्जवल सिंह दीपक सिंह विकास आकाश राहुल सहित अनेक लोग उपस्थित थे

# नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़, लापरवाही का परिणाम : लालू यादव

पटना (आरएनएस)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मची भगदड़ पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुखिया लालू प्रसाद यादव ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने हादसे को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

लालू यादव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह घटना दुखद है और रेलवे की लापरवाही के कारण ही इस प्रकार का हादसा हुआ है। इस घटना के बाद केंद्रीय रेल मंत्री को घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा देना चाहिए। लालू यादव ने आगे कहा कि यह बहुत बड़ा हादसा है और सरकार की लापरवाही का परिणाम है। इससे पहले कुंभ मेले में भी भगदड़ मच चुकी है, जिससे साफ होता है कि सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है और वह दोषी है।

राजद सुप्रीमो ने कहा कि ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।

इस हादसे पर बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था एवं भगदड़ के कारण हुई असामयिक मौतों से मन व्यथित है। इतने सरकारी संसाधनों के बावजूद भगदड़ में श्रद्धालुओं की जानें जा रही हैं तथा डबल इंजन सरकार इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की लीपापोती कर पब्लिक रिलेशन (पीआर) करने में व्यस्त है। आमजनों और श्रद्धालुओं की बजाय सरकार का ध्यान मीडिया प्रबंधन, वीआईपी लोगों की सुविधा और उनकी व्यवस्था तक ही सीमित है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करने तथा घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं।

## मौसम फिर लेगा करवट, पंजाब-हरियाणा समेत इन राज्यों में बरसेंगे बादल

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है। दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड का प्रभाव काफी कम हो गया है। दिन में धूप महसूस की जा रही है। हालांकि पहाड़ी राज्यों में अब भी बारिश और बर्फबारी जारी है। जबकि जम्मू-कश्मीर में चिल्लई ठंड का दौर 19 फरवरी को खत्म होगा जिससे ठंड थोड़ी कम होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी का दौर जारी है। मौसम विभाग ने नया अपडेट जारी किया है। दिल्ली के मौसम की अगर बात करें तो दिल्ली में आसमान में आंशिक बादल छाए रहे और सुबह के समय स्मॉग या हल्का कोहरा दर्ज किया गया। साथ ही अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। 19 और 20 फरवरी को दिल्ली में बारिश होने की संभावना जताई गई है। 17 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और लद्दाख में हल्की बारिश हो सकती है।



केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए.



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाते हुए।

# उत्तर प्रदेश ने कठिन कार्य को भी सफलतापूर्वक बनाया संभव- नितिन गडकरी

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के महासमागम की दिव्यता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन यहां दिग्गजों का तांता लगा रहता है जो पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य मानते हैं। इसी क्रम में, रविवार को केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने परिवार समेत त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद का जीवन धन्य माना।

प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद सीएम योगी ने उनका स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इसके उपरांत, गडकरी त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने पत्नी व परिवार के साथ विधिवत स्नान व पूजन-अर्चन किया। गडकरी त्रिवेणी संगम में स्नान कर अभिभूत दिखे और यह प्रसन्नता उनके चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। उन्होंने योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था की है जो सरल नहीं है। उनके अनुसार, यह प्रयास कड़ी मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन ने काफी मेहनत की है जो स्पष्ट तौर पर दिख रही है। यही कारण है कि देशभर से लोग इस महासमागम में आने को लेकर उत्साहित व आनंदित हैं और खुद आकर यहां मिल रही अभूतपूर्व व्यवस्था का साक्षात्कार करना चाहते हैं।

नितिन गडकरी ने त्रिवेणी स्नान को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि महाकुंभ महापर्व देश भर की आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि देशभर से लोग यहां गाड़ी लेकर आ रहे हैं। गडकरी ने बताया कि मेरे शहर नागपुर से भी हजारों लोग गाड़ियां लेकर यहां आए हैं। मेरे साथ कैबिनेट के सहयोगी भी साथ आए हैं। यहां के प्रशासन, पुलिस व कर्मचारियों ने अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। मां गंगा का आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हो। निश्चित रूप से विश्व का कल्याण हो, सबका कल्याण हो यही हमारी भावना है। गडकरी ने त्रिवेणी संगम में पत्नी व परिवार के साथ स्नान किया और गंगा जल का आचमन कर सबके कल्याण की प्रार्थना की। घाट पर स्नान करने जुटी स्नानार्थियों की भीड़ का उन्होंने अभिवादन भी किया। इस दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और फेसबुक समेत विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी स्नान व पूजन की वीडियो व तस्वीरें भी शेयर की।



सुप्रीम कोर्ट ने आज यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में इंडियाज गॉट लैटेंट शो पर अश्लील मजाक को लेकर उन्हें फटकार लगाई। इस प्रभावशाली व्यक्ति ने कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो पर अश्लील टिप्पणियों के लिए अपने खिलाफ दर्ज कई एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।



# मिथिला पालकर ने अपनी पहली तमिल फिल्म यात्रा को वास्तव में विशेष बताया

अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपनी बहुप्रतीक्षित पहली तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी कर ली है और अभिनेत्री खुशी और उत्साह से अभिभूत हैं।

अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, मिथिला ने कहा, मैंने अपनी पहली तमिल फिल्म पूरी कर ली है और मैं हर किसी के इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती! ऐसा लगता है जैसे कल ही हमने मुहूर्त शॉट शूट किया था और अब, हमने शूटिंग पूरी कर ली है – यह एक अद्भुत एहसास है। यह यात्रा वास्तव में खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला।

उन्होंने आगे कहा तमिल में अपनी लाइनें सीखना निश्चित रूप से एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसका पूरा आनंद लिया। मेरे सह-कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मुझे बहुत स्वागत और घर जैसा महसूस कराया, भले ही मैं तमिल भाषा नहीं बोल पाता। उनके निरंतर समर्थन और गर्मजोशी ने इस प्रक्रिया को बहुत आसान और और भी मज़ेदार बना दिया. मिथिला ने आगे कहा, सिर्फ फिल्मांकन के अनुभव से परे, मुझे संस्कृति में डूबने का मौका मिला, मैंने अपना यादातर समय यहाँ बिताया और इस दौरान बहुत कुछ सीखा। यह फिल्म सीखने और विकास की यात्रा रही है, और मैं अपने दर्शकों को इस नए



अवतार में देखने के लिए बेताब हूँ!

ओहो एंथन बेबी' का निर्देशन कृष्णकुमार रामकुमार ने किया है और इसका निर्माण रोमियो पिक्चर्स, विष्णु विशाल और डी कंपनी ने किया है। इस बीच, मिथिला पालकर हाल ही में फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' में नज़र आईं, जहाँ उन्होंने गीतकार दीया का किरदार निभाया। विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सपनों की असली दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है। इस फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी थे।

'स्वीट ड्रीम्स' 24 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज़ हुई।

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिससे हममें से कई लोग खुद को जोड़ पाएंगे क्योंकि वह भ्रमित है, महत्वाकांक्षी है और कुछ और पाने की चाहत रखती है। केनी के साथ उसके जो सपने हैं, वे सिर्फ़ रोमांस के बारे में नहीं हैं;

### पीरियड ड्रामा फिल्म कांथा से भाग्य श्री बोरसे की फर्स्ट लुक आउट

कांथा की निर्माताओं ने मुख्य नायिका भाग्य श्री बोरसे का पहला लुक कुछ समय पहले ही जारी किया गया है। पहली तस्वीर में भाग्य श्री बोरसे एक खूबसूरत बैठी हुई मुद्रा में दिखाई दे रही हैं। पारंपरिक लुक में दिख रही उनकी आकर्षक अदाओं ने दर्शकों का ध्यान तुरंत अपनी ओर खींच लिया है। वैलेंटाइन डे स्पेशल पोस्टर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मलयालम स्टार दुलकर सलमान और टॉलीवुड स्टार राणा दग्गुबाती की जोड़ी वाली पीरियड ड्रामा कांथा की घोषणा कुछ महीने पहले ही की गई थी। फिलहाल, शूटिंग तेजी से चल रही है। कांथा का निर्देशन सेल्वामणि सेल्वराज कर रहे हैं, फिल्म का निर्माण डीक्यू वेफेयरर फिल्म्स और स्पिरिट मीडिया ने मिलकर किया है।

# मलाइका अरोड़ा ने दिखाया मदमस्त अंदाज, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस के छूटे पसीने

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस और फैशनिस्ट मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका ग्लैमरस लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और क्साली फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर और गॉर्जियस लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

मलाइका अरोड़ा की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो ग्लैमरस और हॉट लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।



बालों को ओपन कर के, लाइट मेकअप और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

एक्ट्रेस की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक कई सारे यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- बोल्ड एंड ब्यूटिफुल मल्ला।

मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस 51 साल की हो गई हैं, लेकिन आज भी अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर तबाही मचाती रहती हैं।

### सनम तेरी कसम के बाद हर्षवर्धन राणे ने अनाउंस की नई लव स्टोरी दीवानियत, टीजर भी आया सामने

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की सनम तेरी कमस की री-रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है. इसी बीच हर्षवर्धन ने एक और रोमांटिक लव स्टोरी का एलान किया है. खास बात ये है कि उन्होंने इसकी घोषणा प्यार के दिन वैलेंटाइन डे पर की है जिसमें उन्होंने वादा किया कि फिल्म रोमांचक और दिल को झकझोर देने वाली होगी.

सनम तेरी कसम की अपार सफलता के बाद अब हर्षवर्धन दीवानियत लेकर आ रहे हैं. जिसकी अनाउंसमेंट उन्होंने एक शानदार मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए की है. मोशन पोस्टर में एक खून से लथपथ हाथ में एक गुलाब का फूल है. इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, हमारी अपकमिंग फिल्म की घोषणा, दीवानियत हर्षवर्धन राणे स्टारर एक दिल को झकझोर कर देने वाली म्यूजिकल लव स्टोरी, सनम तेरी कसम की री-रिलीज की ग्रैंड सक्सेस के बाद. बता दें फिल्म को 2025 को अंत तक रिलीज किए जाने की योजना है. हर्षवर्धन राणे ने आगामी फिल्म के लिए अपनी उत्सुकता दिखाते हुए कहा, मैं दर्शकों का आभारी हूं कि उन्होंने सनम तेरी कसम के लिए मुझे इतना प्यार दिया है. एक लव स्टोरी काफी पावरफुल होती है, जब मैंने दीवानियत में अपने रोल और कहानी के पागलपन, जुनून को सुना, तो मैंने तुरंत इसे अपनी अगली फिल्म के रूप में चुना. उन्होंने आगे कहा, मैं अपने निर्देशक मिलाप मिलन जावेरी और निर्माता अमूल वी मोहन, अंशुल मोहन के साथ काम करने के लिए एक्साइटेड हूं. उम्मीद है कि दर्शकों को भी यह दिल तोड़ने वाली लव स्टोरी पसंद आएगी.

हाई-वोल्टेज स्टोरीटेलिंग (सत्यमेव जयते, मरजावां) के मास्टर मिलाप मिलन जावेरी द्वारा निर्देशित और मुश्ताक शेख (ओम शांति ओम) द्वारा लिखित यह फिल्म बड़े पर्दे पर जुनून और दिल टूटने की एक एपिक कहानी का वादा करती है. इस म्यूजिकल लव स्टोरी के लिए लीड एक्ट्रेस की घोषणा जल्द की जाएगी. द साबरमती रिपोर्ट के मेकर्स द्वारा बनाई गई दीवानियत इस साल फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है और इसे 2025 के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. ००

# द डिप्लोमैट का ट्रेलर जारी, भारत की बेटी को बचाने के खतरनाक मिशन पर निकले जॉन अब्राहम

बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम और सादिया खातीब अभिनीत फिल्म द डिप्लोमैट का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो गया। दिवंगत सुषमा स्वराज की जयंती पर रिलीज किया गया यह ट्रेलर 2017 में उनके द्वारा भारत की बेटी को वापस लाने में भारतीय राजनयिक जेपी सिंह का समर्थन करने के लिए किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों को श्रद्धांजलि देता है।

यह राजनीतिक थ्रिलर फिल्म इस बात के बारे में बताती है कि युद्ध के बजाय चतुराई और बातचीत नायक के अंतिम हथियार हैं। जॉन अब्राहम वास्तविक जीवन के भारतीय राजनयिक जेपी सिंह की भूमिका में हैं, जो भारत की बेटी को कैद से छुड़ाने के लिए एक उच्च-दांव मिशन पर निकलते हैं। शिवम नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जॉन अब्राहम ने रणनीति, बुद्धिमत्ता और बातचीत पर आधारित एक ऐसा किरदार निभाया है, जिसे उन्होंने बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं निभाया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए जॉन ने कहा, कूटनीति एक युद्ध का मैदान है, जहां शब्दों का वजन हथियारों से ज्यादा होता है। जेपी सिंह की भूमिका निभाने से मुझे एक ऐसी दुनिया का पता लगाने का मौका मिला जहां शक्ति को बुद्धि, लचीलापन और शांत वीरता से परिभाषित किया जाता है। उजमा की कहानी भारत की ताकत और साहस का प्रमाण है और मुझे इस प्रेरक यात्रा को स्क्रीन पर जीवंत करने पर गर्व है।

द डिप्लोमैट की कहानी, पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी डिमो पोपोव और एमएससी ग्यड ने की है, जबकि संपादन कुणाल वाल्वे ने किया है। रवि श्रीवास्तव प्रोडक्शन डिजाइन की देखरेख की है। डैनियल बी जॉर्ज ने फिल्म के लिए मूल संगीत तैयार किया है, जबकि ध्वनि डिजाइन मोहनदास वीपी द्वारा किया गया है। फिल्म का मूल संगीत ए.आर. रहमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। कलाकारों में रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी शामिल हैं। यह फिल्म 7 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**बॉक्स ऑफिस पर जुनैद खान की फिल्म लवयापा का बंटाधार, अब इस फिल्म से होगा सामना**

आमिर खान के बेटे जुनैद खान और जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर की फिल्म लवयापा को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म है।

इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल-बेहाल है। फिल्म का कारोबार लाखों में सिमटा हुआ है। आइए बताते हैं लवयापा ने सातवें दिन कितने लाख रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लवयापा ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 35 लाख रुपये का कारोबार किया,

### आदर्श गौरव की सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का ट्रेलर जारी, 28 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म

सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव का ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. ट्रेलर में एक ऐसी कहानी है जिसमें कुछ लड़के अपनी आम जिंदगी से उठकर कुछ बड़ा करने का सोचते हैं और अपने ही गांव यानि मालेगांव में फिल्म बनाने का सोचते हैं. जिसका नाम है- मालेगांव की शोले. ट्रेलर की शुरुआत में एक प्लेन को देखकर दो दोस्त उसके बारे में बात करते हैं कि क्या चीज बनाई है और वे उसमें बैठने का सपना देखते हैं.

इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, विनीत कुमार सिंह, पल्लव सिंह जैसे कलाकार हैं. जो बात करते हैं मुंबई जाने की लेकिन इनमें से एक बोलता है कि मुंबई जाने की क्या जरुरत है हम यहीं अपने गांव में मुंबई को ले आते हैं. यहीं पिक्चर बनाते हैं. घर से उनको सख्त हिदायत मिल जाती है कि जो बनाना है बनाओ लेकिन घर से एक पैसा नहीं मिलेगा. ००

# कोलेस्ट्रॉल समेत इन बीमारियों में कारगर है तांबे के बर्तन में पानी पीना, शरीर को मिलते हैं ये फायदे

मौजूदा समय में ज्यादातर लोग कांच या स्टील के गिलास में पानी पीते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तांबे के बर्तन में पानी पीना कितना स्वास्थ्यवर्धक है? खासकर सर्दी के मौसम में अगर आप सुबह तांबे के गिलास या बर्तन में पानी पीते हैं तो इससे आप पूरे दिन ऊर्जा से भरपूर, हल्का और तरोताजा महसूस कर सकते हैं. आइए जानते हैं तांबे के बर्तन में पानी पीने के क्या फायदे हैं...

नियमित तांबे के बर्तन में पानी पीने के फायदे-

* आयुर्वेदिक डॉक्टर का कहना है कि अगर आप तांबे के गिलास में पानी पीते हैं तो आप अपना वजन बढ़ने से रोक सकते हैं.

* रोजाना एक गिलास तांबे के बर्तन में पानी पीने से पाचन शक्ति मजबूत होती है. साथ ही पेट की समस्या से बचाव होता है.

* अगर आप हर रोज सुबह के समय खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पिएं तो यह बढ़ती उम्र के संकेतों को कम करता है.



* अगर आप हार्ट को हेल्दी रखना चाहते हैं तो आप रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पिएं. इससे हाइपरटेंशन और कोलेस्ट्रॉल में भी कमी आ सकती है.

* अगर आपके जोड़ों में सूजन, दर्द रहता है या फिर अर्थराइटिस की समस्या है तो रोजाना खाली पेट तांबे के बर्तन में पानी पीना फायदेमंद हो सकता है.

तांबे बर्तन में कुछ ऐसे तत्व होते हैं, जो पानी में मिलकर शरीर में हुए घावों को तेजी से भरने में मदद करते हैं.

रोजाना तांबे के बर्तन में पानी पीने से त्वचा के स्वास्थ्य और मेलेनिन उत्पादन को बढ़ावा देता है.

तांबे के बर्तन में रोगाणु रोधी गुण होने के कारण ये संक्रमण से लड़ता है.

# सेहत को हेल्दी बनाए रखने के लिए हंसना है जरूरी, खुलकर हंसने के ये हैं फायदे

हंसने से न सिर्फ दिमाग अच्छा होता है बल्कि इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी फायदा मिलता है. जोर-जोर से हंसना कई मायनों में सेहतमंद होता है. एक शोध में यह भी पाया गया है कि कॉमेडी शो देखने और खुलकर हंसने से तनाव कम होता है और यह इम्यूनिटी के लिए भी अच्छा होता है. आइए जानते हैं हंसने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से...

खुलकर हंसने से मिलते हैं सेहत के ये 5 फायदे

हृदय के लिए फायदेमंद

खुलकर हंसने से हृदय को स्वास्थ्य लाभ होता है. हंसने से ऑक्सीजन की मात्रा बढ़कर हृदय गति में सुधार होता है. ऐसे में हृदय रोग से संबंधित समस्याओं से छुटकारा मिलता हैं.



तनाव कम करने में मददगार

हंसने से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज होता है जो तनाव को कम करता है. तनाव कम होने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। तनाव कम होने से मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

मांसपेशियों को आराम मिलता है

मानसिक तनाव के साथ-साथ शारीरिक तनाव को भी कम करने के लिए हंसना अच्छा होता है. ऐसे में खुलकर हंसना तनाव को कम करता है और मांसपेशियों को आराम देता है.

कैलोरी बर्न में मदद मिलती है

आप रोजाना 10 से 15 मिनट तक जोर से हंसकर कैलोरी बर्न कर सकते हैं. हंसना कैलोरी बर्न करने के लिए अच्छा है. अगर आपके पास जिम जाने का समय नहीं है तो आप इस तरह अपना वजन कम कर सकते हैं.

इम्यूनिटी बूस्ट करता है

जोर-जोर से हंसने से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है. ऐसे में हम इम्यून सिस्टम को मजबूत करके संक्रमण से बच सकते हैं. हंसने से कई अन्य स्वास्थ्य लाभ होते हैं.

**शबाना आजमी और ज्योतिका स्टारर डब्बा कार्टेल का टीजर हुआ रिलीज, 28 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक**

काफी समय से अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी आगामी वेब सीरीज डब्बा कार्टेल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं, जिसके निर्देशन की कमान हितेश भाटिया ने संभाली है। फरहान अख्तर इसके निर्माता हैं। शबाना के अलावा इस सीरीज में गजराज राव, ज्योतिका और साई ताम्हणकर जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।

## शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फुर्तीला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाला 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्यूजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो ऊबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना पनागर में राखी लाल केवट उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम बिसैंधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्रायवरी करता है आज दोपहर लगभग 12 बजे वह घर से अपनी मोटर सायकल स्पेलेण्डर क्रमांक एमपी 20 एम एस 2155 से लेबर तलाशने छत्तरपुर जा रहा था कि जैसे ही कमोद केवट के खेत के आगे निभौरा पहुँचा तभी छत्तरपुर तरफसे आ रही सफेद कार क्रमांक एमपी 20 जेड एल 6992 का चालक तेज गति लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से टक्कर मार दिया जिससे वह उचक कर गिर गया



**खिलाड़ियों के आवास के लिये सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल, तकनीकी भवन, पवेलियन और दर्शक गैलरी का भी किया गया निर्माण.**

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे राँझी में 26.80 करोड़ रुपये से बने खेल परिसर का लोकार्पण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप खेल सुविधाओं के विकास के लिये प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार 19 फरवरी के जबलपुर के अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान संस्कारधानी वासियों को राँझी खेल परिसर के रूप में बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत लगभग 26 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनाये गये इस खेल परिसर का लोकार्पण करेंगे।

राँझी में जबलपुर इंजीयनियरिंग कॉलेज की करीब 12.7 एकड़ क्षेत्र में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल परिसर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेक एंड फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की जा सकेंगी। यहाँ 400 मीटर का आठ लेन सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बनाया गया है। अकेले इस सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक के निर्माण पर ही 6 करोड़ 95 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक को चेन लिंक फेंसिंग से कव्हर किया गया है और पाथ वे भी बनाया गया है। राँझी खेल परिसर में फुटबॉल की प्रतियोगिता भी आयोजित की जा सकेंगी।

खेल परिसर में 6 हजार 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में आर्चरी एरिना भी बनाया गया है। इसमें 50 और 70 मीटर की तीरंदाजी की स्पर्धाएं हो सकेंगी। राँझी खेल

**खेल परिसर के सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक पर हो सकेंगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगितायें.**



**6 हजार 250 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाया गया अंतराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप आर्चरी ऐरिना.**

परिसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया गया है। खेल परिसर में 19 करोड़ 85 लाख रुपये की लागत से तकनीकी भवन, हॉस्टल भवन और मय दर्शक गैलरी के पवेलियन का निर्माण किया गया है।

खेल परिसर में 1 हजार 835 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाये गये तीन मंजिला तकनीकी भवन में लड़के-लड़कियों के लिए प्लेयर कक्ष, फिजियो कक्ष, कोच कक्ष, मीटिंग हॉल, क्लास रूम, जिम, लाइब्रेरी और आफिस कक्ष जैसी सुविधाएं भी होंगी। ये सभी कक्ष वातानुकूलित होंगे। खिलाड़ियों के आवास के खेल परिसर में 2 हजार 384 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 74 बिस्तरों का हॉस्टल भवन भी बनाया गया है। कुल चौबीस शयन कक्ष के इस हॉस्टल में बारह कक्ष महिला एवं बारह कक्ष पुरुष खिलाड़ियों के लिए हैं। अटैच टॉयलेट युक्त इन सभी कक्षों में एसी लगाए गए हैं। हॉस्टल भवन में डाइनिंग हॉल, किचन और कॉमन रूम भी हैं। तकनीकी और हॉस्टल भवन के अतिरिक्त 560 क्षमता की पवेलियन के साथ दर्शकों के लिये गैलरी का निर्माण भी किया गया है। पवेलियन के भूतल पर ऑफिस, प्लेयर लॉबी, मीडिया लाउंज एवं महिला-पुरुषों के लिए प्रसाधन बनाए गए हैं। खेल परिसर में आकर्षक प्रवेश द्वार, करीब 380 मीटर की सीमेंट कांक्रीट रोड, पार्किंग, संपवैल सहित पम्प हाऊस और गॉर्डरूम का निर्माण किया गया है। सीसीटीव्ही केमरा व स्ट्रीट लाइट भी यहाँ लगाये गये हैं। राँझी खेल परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवाल भी बनाई गई है।

राँझी खेल परिसर में लगभग एक करोड़ रुपये के फर्नीचर की व्यवस्था भी की गई है। इसमें ऑफिस कक्षों के लिए टेबल, कुर्सियां, सोफा, हॉस्टल भवन के लिये बिस्तर, अलमारी, स्टडी टेबल, डाइनिंग टेबल आदि शामिल हैं। खेल परिसर में एक जिम हॉल भी है। यहाँ लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये के वेट ट्रेनिंग के उपकरण लगाये गये हैं। खेल परिसर में बनाये गये 400 मीटर के 8 लेन वाले सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक में प्रत्येक लेन की चौड़ाई 1.22 मीटर है। इस ट्रैक पर 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर स्प्रिंट, 110 एवं 400 मीटर बाधा दौड़, 4 गुना 100 एवं 4 गुना 400 मीटर रिले रेस, मध्यम दूरी और लंबी दूरी की स्टीपल चेज, 20 किलोमीटर और 50 किलोमीटर की रेस वॉक हो सकेंगी। हाई जंप, लांग जंप, ट्रिपल जंप एवं पोल वॉल्ट, भाला, डिस्कस और हैमर थ्रो एवं शॉट पुट की स्पर्धाएं, हेप्टाथलॉन एवं डेकाथलॉन जैसी स्पर्धाएं की प्रतियोगिताएं भी राँझी खेल परिसर में हो सकेंगी।

# सिहोरा जिला के भाजपा के वादे को कब पूरा करेंगे मोहन यादव

**समिति ने कहा सिहोरा आएं मुख्यमंत्री**




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सिहोरा - प्रह्लाद पटेल,स्मृति ईरानी,शिवराज सिंह चौहान और इन दिग्गज नेताओं के वादे से विधायक बने संतोष बरकड़े के विधानसभा चुनाव के पूर्व किए वादे को मुख्यमंत्री मोहन यादव कब पूरा करेंगे इसका इंतजार प्रत्येक सिहोरा वासी कर रहा है।विदित हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व इन सारे नेताओं ने सिहोरा को जिला बनाने का सार्वजनिक मंचों से वादा किया था।सिहोरा वासियों ने कहा कि मुख्यमंत्री कब भाजपा के वादे को पूरा करेंगे।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने आज मुख्यमंत्री के जबलपुर आगमन पर उनसे मिलने का समय मांगा है।

कब कब किसने किए वादे -

1 - भाजपा की विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जी के द्वारा दिनांक 08.09.2023 को सार्वजनिक सभा में सिहोरा को 21 वर्ष पूर्व ही जिला बन जाना था ऐसा विचार व्यक्त करते हुए सिहोरा जिले की मांग का समर्थन किया गया था। साथ ही वादा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर गंभीर है और शीघ्र ही इस दिशा में कोई कदम उठाएगी । 2- दिनांक 08 .11.2023 को विधानसभा चुनाव के सिहोरा के भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े द्वारा बाबा लाल मंदिर प्रांगण में हुई आमसभा में सिहोरा वासियों से समर्थन मांगते हुए वचन दिया गया कि सरकार बनते ही भारतीय जनता पार्टी सिहोरा को जिला बनाए जाने की दिशा में कार्य करेगी ।

3 - दिनांक 15 .11 .2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी द्वारा पुराना बस स्टैंड सिहोरा में आयोजित आमसभा में सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की ओर से सिहोरा वासियों से वादा किया गया कि आप भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े को जिताएं। जीतते ही सिहोरा को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री तक बात रखने का भी ठोस वचन दिया था। 4- दिनांक 16.11.2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक जबलपुर के सम्मानित श्री डॉक्टर जितेंद्र जामदार जी की मध्यस्थता में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों से मोबाइल पर वार्ता की गई ।इस वार्ता में माननीय शिवराज सिंह जी चौहान ने भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया था कि सत्ता में आते ही सिहोरा को जिला बनाया जाएगा ।

मुख्यमंत्री से आज जबलपुर में मांगा समय -

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के मानस तिवारी,अनिल जैन,विकास दुबे, कृष्ण कुमार कुररिया,सुशील जैन,नवीन शुक्ला,संतोष पांडे,रामजी शुक्ला,राजभान मिश्रा,अमित बक्शी,आशीष तिवारी, नीतेश खरया आदि ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से आज जबलपुर आगमन पर मिलने का समय मांगा है। साथ ही वे मुख्यमंत्री को सिहोरा आने का आमंत्रण भी देंगे।

# श्रमिक समस्याओं पर विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक का0 अ0 - नीरज परस्ते जी ने कार्यवाही हेतु दिया आश्वासन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर उद्योग जगत के साथ सांमजस्य बनाकर कर्मचारियों के हितों के लिये सदैव तत्पर संगठन विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने कर्मचारियो की विभिन्न समस्याओं को लेकर संचा. / संधा. संभाग के का0अ0 श्री नीरज परस्ते के साथ बैठक का आयोजन किया । बैठक में उपस्थित संचा. / संधा. संभाग की नवगठित शाखा के पदाधिकारियों एव सदस्यों का परिचय क्षेत्रीय सचिव श्री उमाशंकर दुबे द्वारा कराया गया सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में आयोजित फेडरेशन के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष श्री यू.के. पाठक ने जबलपुर संचा. / संधा. के अध्यक्ष श्री मोहित पटैल द्वारा दिये गये ज्ञापन के बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की प्रांतीय संगठन सचिव श्री दिनेश दुबे द्वारा बताया गया कि ज्ञापन दिनॉक तक कर्मचारियों के एक्स्ट्रा वेजेस के समस्त प्रकरणों का भुगतान किया जावे तथा बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को नियमानुसार एक्स्ट्रा वेजेस प्रदान किया जावे ऐसा देखा गया है, कि उनसे अतिरिक्त कार्य कराये जाने के बाद भी एक्स्ट्रा वेजेस नहीं दिया जा रहा है एवं कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाये जाने से तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है जिससे विपरीत प्रभाव पड रहा है इसके अतिरिक्त निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जा रही है-

1. वितरण केन्द्रों में नियमानुसार कर्मचारियों की पदस्थापना नियमित संविदा / बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों के माध्यम से की जावें एवं कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार न सौंपा जावें ।

2. कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा लाईन काटे जाने का कार्य अधिकृत व्यक्ति से ही कराया जाये । 3. सबस्टेशनों एवं वितरण केन्द्र कार्यालय में पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफाई की व्यवस्था संबंधी ।

# काजिया स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभायें





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दारूल उलूम स्थित मंडी मदार टेकरी में काजिया कान्वेन्ट गर्ल्स व बॉयज स्कूल का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम पठान समाज के सरदार व वरिष्ठ पत्रकार हाजी मुईन खान, भारत पवार लूम के अध्यक्ष अशफाक अंसारी की मुख्य अथिति में तथा मुस्लिम विकास परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पत्रकार अशफाक आरिफ, समाजसेवी इस्तियाक अंसारी, गुलाम साबरी की विशिष्ट अतिथि व स्कूल के डायरेक्टर मोनिश अंसारी, मोहसिन अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्या यास्मीन हैदर, वासफा अंसारी ने अथितियो सहित बच्चों के अभिभावको का स्वागत किया।

अपने उदबोधन में अथितियो ने शिक्षा, खेल के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास किये जाने पर जोर दिया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं ने अबेकस, जूडो, जिम्नास्टिक और अन्य खेलों सहित मधुर संगीत, नृत्य व बैंड की प्रस्तुतियाँ देकर अपनी-अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तदोपरान्त अथितियो द्वारा छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान किये गए। कार्यक्रम में शायर शेख निजामी, एडवोकेट अकबर उस्मानी, ताहिर खोकर, फैजान कुरैशी, अलीम मंसूरी, साजिद काजी, इरफान कुरैशी, बब्लू कुरैशी, अहमद रज़ा, एड.निसार अंसारी, गुलाम किबरिया, डॉ. निसार अंसारी, मामूर गुड्डू, अब्दुल बाकी खान, हाशिम राजा, अशरफ शिराजी, मो. जावेद, मुख्तार अंसारी, मुज्जफर कुरैशी, मो. इस्लाम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए व उनके अभिभावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य अशरफ कुरैशी ने किया व उपस्थितजनों का आभार किड्स फाउंडेशन के डायरेक्टर रियाज राइन ने व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में आये 133 आवेदन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड, एसडीएम जबलपुर श्री अभिषेक सिंह, संयुक्तक कलेक्ट र श्री पुष्पे न्द्रि अहके, श्रीमती शिवाली सिंह व गोरखपुर एसडीएम श्री पंकज मिश्रा को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 133 आवेदन दिये। जिसमें 93 नये आवेदन हैं तथा 40 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई-झगड़ा, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबंल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सार सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

अपर कलेक्टिर श्री गोंड ने पुराने 25 आवेदनों की अलग से सुनवाई की जिसमें मुख्य रूप से रास्ता खुलवाने, नक्शा बटांकन, नामांतरण, किसान फसल ऋण माफी योजना, ग्रेजुएटी राशि दिलाने, अतिक्रमण व नालियों की सफाई, पेंशन भुगतान, नक्शा सुधार, अवैध कब्जार हटाने, पीएम किसान की राशि दिलाने, बिजली कनेक्शोन दिलाने आदि आवेदन शामिल थे।

**23 फरवरी को परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह**

जबलपुर,जलवंशीय माझी समाज शैक्षणिक एवं सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति भूमा रैकवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 फरवरी को सुबह 10 बजे से सामुदायिक भवन रांझी व्हीकल मोड़ में समाज का परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह का आयोजन किया गया है, संगठन के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है

**पाथेय का आयोजन**

# दीपचंद विनोदिया द्वारा संग्रहित दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी 23 को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पाथेय संस्था के तत्वावधान में श्री दीपचंद विनोदिया द्वारा संग्रहित दुर्लभ वस्तुओं की एक दिवसीय प्रदर्शनी दीप-धरोहर रविवार 23 फरवरी को प्रात: 11 बजे से रात्रि तक कला वीथिका में आयोजित है। संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि प्रदर्शनी में देश-विदेश की मुद्राएँ, संगीत, साहित्य, धर्म-अध्यात्म, संस्कृति से सम्बन्धित दुर्लभ वस्तुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही पिछले 25 वर्षों में अखबार में प्रकाशित नगर की संस्थाओं के विविध आयोजनों के समाचार भी प्रदर्शित किए जाएंगे प्रदर्शनी की शुभारंभ श्रीमती दुर्गा चौबे, श्रीमती प्रतिभा वर्मा, शर्मीला मुखर्जी, माया पाण्डे, रंजना गुप्ता,शोभा सिंह, अंजना सक्सेना करेंगी। सुभाष शलभ, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, यशोवर्धन पाठक, विजय नेमा, संतोष नेमा, गणेश प्यासा, डॉ.सलपनाथ यादव ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती उइके का आगमन बुधवार को**

जबलपुर-प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके का बुधवार 19 फरवरी की दोपहर 12 बजे भोपाल से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। मंत्री श्रीमती उइके यहाँ सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद दोपहर 1 बजे जबलपुर से कार द्वारा रीवा प्रस्थान करेंगी।

# केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

नासिक (आरएनएस) नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड, के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)।

यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में श्री नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु.260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु.300 करोड़ है।

बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल रु. 261.43 करोड़ का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे। आज की तारीख में कंपनी की शेयर पूंजी रु. 261.43 करोड़ है, जिसमें 1 रुपये प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की समान संख्या शामिल है, जो बोनस जारी होने के बाद बढ़कर रु. 522.87 करोड़ हो जाएगी।

# भारतीय रेल- विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका महाकुंभ 2025 - प्रयागराज

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पावन स्नान (स्नान) का साक्षी बन चुका है, जिससे यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बन गया है। लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन कुंभ में पहुंच रहे हैं, और उनकी सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए पिछले 3 वर्षों में ?5,000 करोड़ के रेलवे कार्य किए गए हैं, जिनमें उन्नत रेलवे स्टेशन, 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन, और अत्याधुनिक भीड़ प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं।

1. महाकुंभ 2025 के लिए विशाल रेलवे संचालन

ट्रेन डायवर्जन और निर्बाध यात्रा

? सभी मालगाड़ियों को समर्पित मालवाहक कॉरिडोर (छ्रस्न्रष्ट) में मोड़ा गया है, ताकि यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जा सके।

? 200 रेक (इंजन दोनों ओर) तैनात किए गए हैं, जिससे शंटिंग ऑपरेशन की आवश्यकता न पड़े।

अभूतपूर्व रेल सेवाएँ

? 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों का संचालन नियोजित, जिसमें से 16 फरवरी 2025 तक 12,583 ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं।

? शिखर तीर्थयात्री यातायात:

* 13 जनवरी 2025 से अब तक 3.09 करोड़ श्रद्धालुओं का परिवहन।

* 16 फरवरी को 18.48 लाख और 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्रियों का संचालन - अब तक की सबसे व्यस्ततम दिनचर्या।

* अन्य महत्वपूर्ण तिथियाँ:

श 15 फरवरी - 14.76 लाख यात्री
श 12 फरवरी - 17 लाख यात्री
श 30 जनवरी - 17.57 लाख यात्री
श 29 जनवरी - 27 लाख यात्री
श 28 जनवरी - 14.15 लाख यात्री
श 14 जनवरी - 13.87 लाख यात्री

2. यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ

सुधारित अधोसंरचना

? 9 रेलवे स्टेशनों पर द्वितीय प्रवेश द्वार बनाए गए।

? 48 प्लेटफार्म एवं 21 फुट ओवर ब्रिज (स्न्रह्वक्च) यात्रियों की सुगमता के लिए।

? 1186 सीसीटीवी कैमरे तीर्थयात्रा क्षेत्र में स्थापित, बेहतर निगरानी के लिए।

? 23 स्थायी होल्डिंग एरिया भीड़ प्रबंधन के लिए।

? प्रमुख स्टेशनों (प्रयागराज, नैनी, छिवकी, और सुबेदारगंज) में 12 भाषाओं में घोषणाएँ।

टिकटिंग व्यवस्थाएँ

? 554 टिकटिंग काउंटर, जिनमें 151 मोबाइल ञ्जस् टिकटिंग पॉइंट शामिल।

3. प्रमुख रेलवे अवसंरचना सुधार

भारतीय रेल ने महाकुंभ के लिए बड़े पैमाने पर अधोसंरचना निवेश किया है:

? ?3,700 करोड़ की लागत से प्रमुख रेल परियोजनाएँ:

* बनारस-प्रयागराज दोहरीकरण, जिसमें नया गंगा पुल शामिल।

* फाफामऊ-जंघई रेल दोहरीकरण, जिससे ट्रेनों की क्षमता बढ़ेगी।

? 21 नए रोड ओवर ब्रिज (ऋह्वक्च) और रोड अंडर ब्रिज (ऋक्च) का निर्माण।

यात्रियों के लिए रंग-कोडित नेविगेशन प्रणाली

यात्रियों को सरल पहचान और दिशा-निर्देश देने के लिए रंग आधारित टिकटिंग एवं यात्री आश्रय व्यवस्था लागू:

* लाल: लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी
* नीला: डीडीयू, सासाराम, पटना
* पीला: माणिकपुर, झाँसी, सतना, कटनी
* हरा: कानपुर, आगरा, दिल्ली

4. मजबूत सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन

महाकुंभ में विशाल भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं:

? नियंत्रण केंद्रों की स्थापना

* स्टेशन स्तर, मंडल स्तर, जोनल स्तर और रेलवे बोर्ड स्तर पर।

? सुरक्षा बलों की तैनाती

* 13,000 रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (ऋक्कस्न) कर्मी।

* 10,000 जीआरपी और अर्धसैनिक बल महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात।

* 3,000+ रनिंग स्टाफ ट्रेनों के सुचारू संचालन हेतु। महाकुंभ 2025 में अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, और भारतीय रेल उन्हें सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है। विशेष ट्रेनों से लेकर भीड़ नियंत्रण उपायों तक, रेलवे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है।

